


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल

3 पेज | पेज 7

ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 82 | ग्वालियर शुक्रवार, 30 दिसम्बर 2022 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए




## न्यूज ट्रैक

### पाकिस्तान में 40 साल की हिंदू महिला की बेरहमी से हत्या




पाकिस्तान के सिंझोरो शहर में बुधवार को हैवानियत का एख मंजर देखने को मिला. एक 40 साल की हिंदू महिला की कथित तौर पर हत्या कर दी गई. हिंदू समुदाय से पाकिस्तान की पहली महिला सीनेटर कृष्णा कुमारी ने एक ट्वीट कर इस बात की जानकारी दी. उन्होंने लिखा, 40 वर्षीय महिला का सिर काट दिया गया और उसके स्तन काट दिए गए. पाकिस्तान पीपल्स पार्टी के नेता ने कहा कि पीड़िता के शरीर और चेहरे से चमड़ी उतारी गई थी. महिला के चार बच्चे हैं. महिला की पहचान हिंदू अल्पसंख्यक समुदाय की दया भील के रुप में हुई है, जो सिंध की सिंझोरो की रहने वाली हैं. कृष्णा कुमारी ने एक ट्वीट में कहा, दया भेल नामक 40 वर्षीय विधवा की बेरहमी से हत्या कर दी गई और शव बहुत बुरी हालत में मिला. उसका सिर धड़ से अलग कर दिया गया था और दरिंदों ने पूरे सिर का मांस निकाल दिया था.आज उसके गांव का दौरा किया. वहां से पुलिस टीमें पहुंचीं हैं.

### चुनाव आयोग ने बनाया रिमोट वोटिंग सिस्टम, कहीं से भी डाल सकेंगे वोट




भारत निर्वाचन आयोग घरेलू प्रवासी वोटर्स के लिए रिमोट वोटिंग की सुविधा को शुरू करने जा रहा है. इसकी मदद से प्रवासी मतदाताओं को वोटिंग प्रक्रिया में भाग लेने के लिए अपने गृह राज्य आने की जरूरत नहीं पड़ेगी. मतदाता कहीं से भी वोटिंग प्रक्रिया में भाग ले सकेंगे. चुनाव आयोग इसके लिए रिमोट वोटिंग सिस्टम को शुरू करने वाला है. आयोग ने इसके लिए प्रोटोटाइप मल्टी-कंस्टीट्यूएंसी रिमोट इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन विकसित की है. 16 जनवरी को निर्वाचन आयोग प्रोटोटाइप आरवीएम का डेमो सभी राजनीतिक दलों को लाइव देगा. आयोग ने कानूनी, प्रशासनिक और तकनीकी चुनौतियों पर भी सभी राजनीतिक दलों से विचार मांगे हैं. बताया गया कि प्रोटोटाइप आरवीएम एक रिमोट पोलिंग बूथ से कई निर्वाचन क्षेत्रों को संभाल सकता है. चुनाव आयोग ने कहा इस रिमोट वोटिंग सिस्टम का असल मकसद वोटिंग परसेंटेज में सुधार और चुनाव में ज्यादा से ज्यादा भागीदारी को सुनिश्चित करने की दिशा में है. चुनाव आयोग ने कहा कि साल 2019 में हुए चुनावों में 67.4 प्रतिशत वोटिंग हुई थी. वोटिंग प्रक्रिया में करीब 30 करोड़ मतदाताओं ने वोट नहीं डाला जिसको लेकर आयोग ने चिंता जाहिर की. आयोग ने कहा कि कई कारणों के चलते मतदाता अपने गृह राज्य को छोड़ नए स्थान पर जाते हैं. ऐसे में वो मतदान के अधिकार को इस्तेमाल नहीं कर पाते.

### यहां के किसान 7 मंजिला एग्रो मॉल में बेच सकेंगे अपनी उपज



**नई दिल्ली।** किसानों की आय बढ़ाने के लिए सबसे ज्यादा जरूरी है कि खेती की लागत को कम करके उपज के सही दाम दिलवाए जाएं. अब खेती में खर्च को कम करने के लिए किसानों को जैविक खेती-प्राकृतिक खेती से जोड़ा जा रहा है. इसी के साथ अब उपज के सही दाम दिलवाने के लिए भी केंद्र और राज्य सरकारें लगातार प्रयास कर रही हैं. ताजा रिपोर्ट्स की मानें तो यूपी की योगी आदित्यनाथ सरकार अब किसानों की उपज की ब्रांडिंग और सही दाम दिलवाने के लिए 7 मंजिला एग्रो मॉल बनाने जा रही है. ये एग्रो मॉल लखनऊ के विकल्प खंड में 8000 वर्गमीटर दायरे में निर्मित होगा. इस एग्रो मॉल में किसानों के लिए आराम-विश्राम गृह से लेकर पार्किंग तक की सुविधाएं दी जाएंगी.

**किसानों को मिलेंगी ये सुविधाएं**-लखनऊ में निर्माणाधीन एग्रो मॉल में किसानों के लिए विश्राम के साथ-साथ सभी आवश्यक सुविधाएं मौजूद होंगी. यहां किसानों के वाहनों के साथ-साथ उपभोक्ताओं के लिए भी अलग पार्किंग की सुविधा दी जाएगी.

#### यूपी के किसानों के लिए वरदान साबित होगा एग्रो मॉल

कई बार किसानों की उपज की क्वालिटी अच्छी होती है, लेकिन मंडी में उसे साधारण उपज जितने ही भाव मिलते हैं. जैविक खेती-प्राकृतिक खेती उपज के साथ भी सही होता है. बाजार में जागरुकता की कमी के चलते किसानों को उनकी उपज के सही दाम नहीं मिल पाते.अब यूपी सरकार ने इस समस्या का समाधान अत्याधुनिक एग्रो मॉल के तौर पर निकाल लिया है. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद के संचालक मंडल की 166वीं बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बताया कि किसानों को सही बाजार, उपज के सही दाम और उत्पाद की ब्रांडिंग के लिए लखनऊ में एग्रो मॉल स्थापित करने की योजना है, जहां ना सिर्फ किसानों को अपने खेत से निकले फल, सब्जी, अनाज के सही दाम मिलेंगे, बल्कि ग्राहक भी खेत से निकली ताजा उपज को इस मॉल से खरीद पाएंगे.

टीडीपी के कार्यक्रम में मची भगदड़ में मरने वालों की संख्या हुई 8

# पीएम मोदी ने जताया दुःख, मदद का एलान

**नई दिल्ली।** आंध्र प्रदेश में नेल्लूर जिले के कांडुकुर में तेलुगू देशम पार्टी की ओर से आयोजित एक कार्यक्रम में भगदड़ मचने की घटना में जान गंवाने वाले लोगों की संख्या बढ़कर आठ हो गई. घटना में घायल हुए एक व्यक्ति ने बुधवार रात इलाज के दौरान दम तोड़ दिया. पुलिस ने यह जानकारी गुरुवार को दी. विपक्ष के नेता एन चंद्रबाबू नायडू बुधवार को जब एक रोड शो को संबोधित कर रहे थे, तब नहर में गिरने से कुछ लोगों की मौत हो गई थी जबकि आठ अन्य घायल हो गए थे. 28 दिसंबर को चंद्रबाबू नायडू का एक रोड शो था. रोड शो में शामिल होने के लिए हजारों की संख्या में टीडीपी कार्यकर्ता, समर्थक और लोग जमा हुए थे. जब चंद्रबाबू नायडू सभा को संबोधित करने आए तो कुछ लोगों ने भीड़ में धक्का-मुक्की शुरू कर दी थी. कुछ लोग धक्का-मुक्की से बचने



के लिए पास की एक नहर में कूद गए. भगदड़ मचने के कारण अब तक 8 लोगों ने अपनी जान गंवा दी है. पुलिस के अनुसार, बड़ी संख्या में लोग सभास्थल पर पहुंच गए थे. इसी दौरान कुछ लोगों के बीच धक्का-मुक्की हो गई और भगदड़ की स्थिति उत्पन्न हो गई. कुछ घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है.

नायडू ने इस घटना के तत्काल बाद अपनी सभा रद्द कर दी थी. जान गंवाने वाले लोगों के परिवारों को 10-10 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा भी की गई है. नायडू अस्पताल पहुंचकर घायलों से मुलाकात की और पार्टी के नेताओं से घायलों के लिए बेहतर इलाज सुनिश्चित करने को भी कहा है. चंद्रबाबू नायडू 2024 में होने वाले राज्य विधानसभा चुनाव को देखते हुए नेल्लूर में एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे.

### प्रधानमंत्री मोदी ने भी जताया शोक

इस बीच, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घटना पर शोक व्यक्त किया है. उन्होंने जान गंवाने वाले लोगों के परिवारों को दो-दो लाख रुपये और घायलों को 50-50 हजार रुपये देने की घोषणा भी की है. उन्होंने ट्वीट किया, ''आंध्र प्रदेश के नेल्लूर में जनसभा में हुए हादसे की खबर सुन दुखी हूं. शोक संतप्त परिवारों के साथ मेरी संवेदनाएं हैं. घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं. पीएमएनआरएफ से जान गंवाने वाले लोगों के परिवारों को दो-दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी और घायलों को 50-50 हजार रुपये दिए जाएंगे.

## पुतिन, बाइडन ने पूछा उद्धव कौन है

# संजय राउत का बड़बोलापन या शिंदे पर तंज

**नागपुर।** अपने बेबाक बयानों के लिए लोकप्रिय शिवसेना नेता संजय राउत ने अब दावा किया है कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और ब्रिटेन के किंग चार्ल्स ने उद्धव ठाकरे कौन हैं पर चर्चा करने के लिए एक सम्मेलन किया था. कथित तौर पर नागपुर में संजय राउत के भाषण का यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है. भारतीय जनता पार्टी के नेता तो इसका जमकर आनंद लेते हुए संजय राउत की तुलना कॉमेडियन कपिल शर्मा और कांग्रेस नेता राहुल गांधी से कर रहे हैं. हालांकि यह कोई पहली बार नहीं है, जब संजय राउत ने बड़बोलेपन का परिचय दिया है. इसके पहले भी अपने बेतुके और अजीब-ओ-गरीब बयानों से सुर्खियों में रहे हैं.



### एकनाथ शिंदे पर तंज या बड़बोलापन

इस वायरल वीडियो में संजय राउत ने दावा किया कि दुनिया के तीनों नेताओं ने पूछा, यह उद्धव ठाकरे कौन है जो पीएम नरेंद्र मोदी के हाथों हार मानने से इनकार करता है। उन्होंने आगे कहा, उन्हें यह भी आश्चर्य है कि उद्धव ठाकरे एकनाथ शिंदे सरकार के खिलाफ कैसे लड़ रहे हैं. यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की ने भी उद्धव ठाकरे के बारे में पूछताछ की. शिवसेना सांसद ने नागपुर में यह भी दावा किया, सभी नेताओं की सोच है कि पीएम मोदी ने कभी उद्धव ठाकरे का परिचय क्यों नहीं दिया। हालांकि ऐसा माना जा रहा है कि संजय राउत इस तरह कुछ दिन पहले एकनाथ शिंदे के नागपुर में ही दिए बयान पर तंज कस रहे थे. एकनाथ शिंदे ने कुछ दिन पहले नागपुर में कहा था कि बिल क्लिंटन ने अपने साथ रहने वाले एक भारतीय से उनके बारे में पूछा था।

### बागी विधायकों को जीवित लाशें करार दिया था

संजय राउत अक्सर अपने विवादित बयानों को लेकर सुर्खियों में रहते हैं. इससे पहले जून में शिंदे गुट की बगावत पर भी राउत बागी विधायकों पर जमकर बरसे थे और उन्हें जीवित लाशें करार देकर कहा था कि उनकी आत्माएं मर चुकी हैं. उन्होंने तब कहा था, गुवाहाटी में 40 विधायक जिंदा लाश हैं, उनकी आत्मा मर चुकी है. वापस आने पर उनके शवों को पोस्टमार्टम के लिए सीधे विधानसभा भेजा जाएगा. राउत ने पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा था कि वे जानते हैं कि यहां जो आग लगाई गई है उसमें क्या हो सकता है.

### डब्ल्यूएचओ को भी नहीं बख्शा था संजय ने

इसी तरह 2020 में जब कोविड-19 संक्रमण का कहर अपने चरम पर था राउत ने दावा किया कि कंपाउंडर के पास डॉक्टर से अधिक चिकित्सा ज्ञान है. यही नहीं, वह यहां तक कह गए कि वह डॉक्टर की तुलना में कंपाउंडर से दवा लेना पसंद करते हैं. कोरोना संकट पर विश्व स्वास्थ्य संगठन का मज़ाक उड़ाते हुए डब्ल्यूएचओ को ही कोरोना संकट के लिए जिम्मेदार ठहराया था. तब भी उन्होंने कहा था कि उद्धव ठाकरे डब्ल्यूएचओ के सलाहकार बनने के लायक हैं.

# 250 करोड़ का प्लेन तो आ जाएगा, लेकिन नीतीश कुमार के लिए दिल्ली दूर क्यों

बिहार की सियासत में यू-टर्न लेने के बाद इन दिनों मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की नजर दिल्ली पर है. मिशन 2024 की रफ्तार में तेजी लाने के लिए नीतीश सरकार ने 1 विमान और 1 हेलिकॉप्टर खरीदने का निर्णय लिया है. राज्य सरकार के पास वीआईपी मूवमेंट के लिए अभी किंग एयर सी-90 ए/बी विमान और वीटी-ईबीजी हेलिकॉप्टर है. बिहार कैबिनेट में लिए गए फैसले के मुताबिक 250 करोड़ का 12-सीटर जेट प्लेन और 100 करोड़ का 10-सीटर हेलिकॉप्टर खरीदा जाएगा. बिहार सरकार के अतिरिक्त मुख्य सचिव (कैबिनेट सचिवालय) एस सिद्धार्थ ने पत्रकारों को बताया कि वीआईपी और वीवीआईपी आवाजाही के लिए यह खरीदा जाएगा. 3 महीने में इसकी प्रक्रिया फाइनल कर ली जाएगी.

**यात्रा से बिहार में सक्रियता बढ़ाएंगे**-16 सालों से बिहार की सत्ता में काबिज नीतीश कुमार पहली बार अपने किए कामों की मॉनिटरिंग के लिए यात्रा निकालेंगे. रिपोर्ट्स के मुताबिक नीतीश 5 जनवरी से यात्रा निकालेंगे. यात्रा की शुरुआत चंपारण से होगा, जहां से गांधी जी ने आजादी आंदोलन का बिगुल फूंका था. सीएम नीतीश यात्रा के दौरान जनता से मिलेंगे और समस्या जानने के बाद तत्काल समाधान करेंगे.



### कंबोडिया के होटल में आग लगने से 10 लोगों की मौत, 30 घायल

कंबोडिया के एक होटल के कसीनो में आग लगने से करीब 10 लोगों की मौत हो गई है और 30 लोगों के घायल होने की जानकारी सामने आ रही है. समाचार एजेंसी एएफपी ने कंबोडिया पुलिस के हवाले से बताया कि यह दर्दनाक हादसा थाईलैंड की सीमा पर कंबोडिया के एक होटल-कसीनो में हुआ. ग्रैंड डायमंड सिटी होटल के कसीनो में करीब 50 लोगों के फंसे होने की भी खबर है, ऐसे में मरने वालों की संख्या में इजाफा हो सकता है. खबर के अनुसार, होटल में आग कई घंटों तक धधकती रही. चारों तरफ चीख-पुकार मची हुई थी. होटल की बिल्डिंग से जलता हुआ सामान नीचे गिर रहा था. कई लोग अपनी जान बचाने के लिए 5वें फ्लोर की बालकनी से कूद गए. आग लगने की वजह से होटल का कुछ हिस्सा गिर गया है. फायर ब्रिगेड सर्विस ने बाद में आग पर लगभग 70 फीसदी नियंत्रण करने का दावा किया. स्थानीय समयानुसार आग सुबह 8.30 बजे लगी. कड़ी मशक्कत के बाद हादसे में कुल 53 लोगों को बचाया जा सका. आग इतनी भयानक थी कि लोगों को रेस्क्यू करने में टीम को परेशानी हो रही थी. फायर ब्रिगेड सर्विस और बचाव दल के साथ में स्थानीय लोग भी शामिल हो गए और लोगों को बचाने में जुट गए.



### मुंबई में पूर्व मंत्री की रिहाई पर भीड़ जुटाकर स्वागत करना पड़ा महंगा

महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख की सालभर बाद जेल से जमानत पर रिहाई हुई तो उनके समर्थक उनका स्वागत करने के लिए जुटे. समर्थकों ने सड़क पर एकत्रित होकर खुशी जाहिर की. इस मामले में पुलिस ने बिना इजाजत भीड़ एकत्रित करने का मामला दर्ज किया है. इसमें राष्ट्रवादी युवक कांग्रेस अध्यक्ष एडवोकेट निलेश प्रकाश भोंसले समेत 100 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है. मामला मुंबई पुलिस की ओर से दर्ज किया गया है. जानकारी के मुताबिक, इस मामले में धारा 143 और महाराष्ट्र पुलिस एक्ट की धारा 135 के तहत स्ऋ्रदर्ज की गई है. मुंबई पुलिस की ओर से कहा गया कि बिना इजाजत रास्ते पर भीड़ एकत्रित की गई और जेल से निकले नेता का इस तरह से स्वागत-सत्कार किया गया. मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, कल महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख जब जेल से जमानत पर रिहा हुए तब 100 से ज्यादा लोग वहां इकट्ठा हो गए. समर्थकों में राष्ट्रवादी युवक कांग्रेस के अध्यक्ष एडवोकेट निलेश प्रकाश भोंसले भी थे. वहीं, उनके समर्थकों ने नागपुर में देशमुख के आवास पर भी जश्न मनाया. विपक्ष के नेता अजित पवार, प्रदेश एनसीपी अध्यक्ष जयंत पाटिल और पूर्व गृह मंत्री दिलीप वलसे पाटिल सहित एनसीपी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया.

# राहुल गांधी ने खुद ही 113 बार तोड़े सुरक्षा के नियम

**नई दिल्ली।** कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल गांधी की सुरक्षा में चूक मामले को लेकर सीआरपीएफ का जवाब सामने आया है. सीआरपीएफ की ओर से कहा गया है कि राहुल गांधी की सुरक्षा को लेकर पूरे इंतजाम किए गए थे. हालांकि, कई मौकों पर खुद राहुल गांधी की ओर से ही सुरक्षा निर्देशों का उल्लंघन किया गया है. सीआरपीएफ ने कांग्रेस के पत्र के जवाब में कहा है कि साल 2020 से राहुल गांधी ने खुद ही 113 बार सुरक्षा निर्देशों का उल्लंघन किया है. साथ ही इसके बारे में उन्हें समय-समय पर जानकारी भी दी गई है. कांग्रेस ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर भारत जोड़ो यात्रा की सुरक्षा में चूक का मुद्दा उठाया है. कांग्रेस का कहना है कि राहुल की सुरक्षा के लिए पर्याप्त उपाय नहीं किए गए हैं.

### राहुल ने खुद ही तोड़ा सुरक्षा घेरा

सीआरपीएफ ने अपने जवाब में कहा है कि राहुल गांधी की सुरक्षा के सभी उपाय जारी दिशा-निर्देशों के हिसाब से ही किए गए हैं. केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल ने कहा कि सुरक्षा के लिए किए गए इंतजाम तभी सही से काम करते हैं, जब सुरक्षा प्राप्त व्यक्ति भी दिशा-निर्देशों का पालन करे. हालांकि, खुद राहुल गांधी ही कई बार सुरक्षा घेरा तोड़कर लोगों से मिलने जैसी चीजों के जरिये अपनी सुरक्षा को खतरे में डालते हैं.



### भारत जोड़ो यात्रा में सुरक्षा के पूरे इंतजाम

सूत्रों के अनुसार, सीआरपीएफ की ओर से कहा गया है कि भारत जोड़ो यात्रा में राहुल गांधी के लिए सुरक्षा के पूरे इंतजाम किए गए थे. सुरक्षा प्राप्त व्यक्ति के दौरे पर सीआरपीएफ द्वारा दिशा-निर्देशों के अनुसार राज्य पुलिस/सुरक्षा एजेंसियों के साथ समन्वय में आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था की जाती है. गृह मंत्रालय द्वारा राज्य सरकारों के साथ सुरक्षा को लेकर सलाह और सभी जानकारी राहुल गांधी के साथ कांग्रेस को भी दी गई थी. ये जानकारी खतरे के आकलन के आधार जारी की गई थी. सीआरपीएफ ने कहा कि सुरक्षा दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन कर दिल्ली पुलिस ने भी सुरक्षाकर्मियों की पर्याप्त तैनाती की थी. कई मौकों पर राहुल गांधी ने खुद ही सुरक्षा नियमों का उल्लंघन किया है और इसके बारे में उन्हें समय-समय पर जानकारी भी दी गई है. सूत्रों का कहना है कि सीआरपीएफ इस मामले को अलग से भी उठा सकती है.

# जिले भर में मना कांग्रेस का 138 वां स्थापना दिवस

## हमे गर्व है हम उस सगठन के सिपाही हे जिसने देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति दीः मान सिंह कुशवाहा

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिले के सभी ब्लॉकों में कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने 138 वा स्थापना दिवस मनाया इसी क्रम में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मान सिंह कुशवाहा ने गोहद ब्लॉक में स्थापना दिवस पर उपस्थित होते हुए कहा हम उस संगठन के सिपाही हैं जिसमें देश की आजादी के लिए सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने अपने प्राणों की भी आहुति दे दी उनके बलिदान को व्यर्थ नहीं जाने दिया जाएगा आज देश में फिर से हिटलर साही अव्यवस्था हावी होती जा रही है महंगाई और भ्रष्टाचार इस सरकार में काफी गहरी जड़ें जमा ली है जिसे हम सब लोगों को मिलकर सरकार को उखाड़ फेंकने का काम करना होगा। एव हमारे लिए गर्व व गौरव का विषय है भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व में देश की आजादी की लड़ाई लड़ी गई, जिसमें पूरे देश के लोगों ने कांग्रेस पार्टी की नीति-सिद्धांतों का साथ और अपना समर्थन दिया। इसका परिणाम यह है कि देश आजाद हुआ और दुनिया का सबसे बड़ा



लोकतांत्रिक देश बनने में कामयाबी मिली। इस बीच गोहद के क्षेत्रीय विधायक मेवाराम जाटव,पूर्व लोकसभा प्रत्याशी देवासीष जरारिया, वरिष्ठ नेता बृजेंद्र सिंह कल्लू,पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रामनारायण हिंडोलिया, नगर पालिका अध्यक्ष मंजू जगदीश माहौर,ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आशीष गुर्जर,कुलदीप गुर्जर आदि लोगों ने भी अपने विचार रखे।

भिंड, लहार, अटेर, मेहगांव, गोहद, सभी ब्लॉक स्तर पर स्थापना दिवस का आयोजन हुआ। तथा अमायन ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय पर भी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का 138 वॉ स्थापना दिवस मनाया गया जिसमें मुख्य अतिथि आदरणीय रणजीत सिंह गुर्जर अध्यक्षता कप्तान सिंह सिकरवार जी ने की संचालन अमित कुशवाह जिला सचिव किया इस कार्यक्रम का आभार व्यक्त सुरेन्द्र सिंह चौहान ब्लॉक अध्यक्ष अमायन ने किया इस मौके पर नारद सिंह कुशवाह, मोहर सिंह बघेल, प्रवेंद्र सिंह चौहान मण्डल अध्यक्ष गहेली, मानसिंह जाटव सेक्टर अध्यक्ष, पुनू खान, रिंका चौहान, सतीश जैन, विनय जैन, महरबान सिंह कुशवाह, सोनू गुर्जर, कोकसिंह सरपंच सेमरा, नरेंद्र पाल नागेंद्र कुशवाह, सत्यम विश्वकर्मा, ओमकार चौहान जिला अध्यक्ष बाल कांग्रेस सुंदरम विश्वकर्मा सोमबीर चौहान आदि लोग उपस्थित रहे।



# देवेंद्र नगर में सब्जी मंडी पर वाहनों का अनियमित तरीके से खड़े होना समस्या उत्पन्न कर रहा है, जिसका जिम्मेदार अधिकारी नहीं लेते संज्ञान

## मामला देवेंद्रनगर सब्जी मंडी का है जहां आए दिन जाम की स्थिति बनती है

सब्जी मंडी में दुकानदारों द्वारा दुकान के सामने सड़क का अतिक्रमण किया जा रहा है वाहनों को पूरी सड़क की चौड़ाई का पूर्ण उपयोग करना मुश्किल हो जाता है भले ही जाम की स्थिति क्यों ना बन जाए। कभी-कभी ऐसी स्थिति निर्मित होती है की जाम लग जाता है दुकानदारी करने आए वाहन चालक रोड में गाड़ियां खड़ी कर देते हैं और गाड़ियां नहीं हटाए जाती है। लगभग 30 से 40 वर्ग फीट की सड़क सब्जी मंडी में लगभग 10 फिट बचती है। सड़क के दोनों ओर से 20 से 25 फीट अतिक्रमण में चला जाता है तो फिर सड़क की चौड़ाई का मतलब ही क्या यदि नगर प्रशासन चाहे तो सब्जियों और अन्य दुकानों के सामने खड़े होने वाले वाहनों की उचित व्यवस्था हेतु कार्य करें तो सड़क पूर्ण तरीके से वाहनों को निकलने के लिए खाली हो सकती है।

# हर बूथ पर होगा हाथ से हाथ जोड़ो अभियान

**पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** शहर कांग्रेस और नगर कांग्रेस ने संयुक्त रूप से हाथ से हाथ जोड़ो अभियान की तैयारियों को लेकर कार्यकर्ता बैठक का आयोजन किया। बैठक में डॉ राधेश्याम शर्मा ने कहा हाल ही में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा जारी हाथ से हाथ जोड़ो अभियान पूरे जोर-शोर के साथ जिले में चलाया जाएगा हाथ से हाथ जोड़ो अभियान 26 जनवरी के बाद शुरू होगा इसमें कांग्रेस पार्टी हर बूथ पर जाकर लोगों के हाथ से हाथ मिलाएगी हाथ से हाथ जोड़ो अभियान बूथ से शुरू होकर सेक्टर मंडलम और ब्लॉक फिर जिला और उसके बाद प्रदेश स्तर पर भी होगा हाथ से हाथ जोड़ो अभियान में कांग्रेस पार्टी गांव गांव जाकर लोगों से संपर्क करेगी और कांग्रेस द्वारा द्वारा किए गए जन हितेषी कार्यो को बताएगी। कार्यक्रम में बोलते हुए नगर कांग्रेस के अध्यक्ष संतोष त्रिपाठी ने कहा हाथ से हाथ जोड़ो अभियान भिंड नगर के हर वार्ड में हर घर घर तक चलाया जाएगा और लोगों के हाथ से हाथ मिला कर आपसी सद्भावना के लिए प्रेरित किया जाएगा इस अभियान में नगर में व्याप्त समस्याओं को भी इकठ्ठा किया जाएगा और कांग्रेस की 15 महीने की सरकार में किए गए कार्यों आम जनता को अवगत कराया जाएगा कार्यक्रम में बोलते हुए राहुल सिंह कुशवाह ने कहा हाथ से हाथ जोड़ो अभियान बहुत ही अच्छा प्रोग्राम है इस प्रोग्राम से कांग्रेश




ग्रामीण अंचल में लोगों से संपर्क करें और गांव-गांव लोगों से हाथ से हाथ मिलएगी। कार्यक्रम में बोलते हुए पान सिंह बाबूजी ने कहा हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के तहत कांग्रेस अनुसूचित जाति की बस्तियों में जाकर उन्हें कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने के लिए प्रेरित करेंगे कांग्रेस सरकार ने ही अनुसूचित जाति के उत्थान के लिए बहुत काम किए है आने वाले विधानसभा चुनाव 2023 में मध्यप्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनाने के लिए हाथ से हाथ जोड़ो अभियान महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगा। बैठक में खेल प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव सौम्या शर्मा,नईम खान पठान,दुष्यंत सिंघई,संदीप मिश्रा,हिम्मत सिंह हरिऔध दर्शन सिंह तोमर,मोहर सिंह जाटव,इरशाद कुरैशी ने भी अपने विचार व्यक्त किये बैठक में नगर पालिका में नेता प्रतिपक्ष राहुल कुशवाह,पार्षद रामअवतार सिंह भदोरिया,अलीमुद्दीन काजी, हिमांशु शर्मा,मनोज जैन, अनीस कुरैशी, विजयदैपुरिया अजय शर्मा ,कमलेश खरे अभिषेक मौर्य सत्येंद्र सिंह भदौरिया, राजमणि शर्मा, नरेश सिंह, गौरव राजावत,पिंटू शर्मा ऋतु जैन मोहम्मद इरफान गम्मू, कुलदीप भारद्वाज,सर्वेश यादव, पवन चौरसिया, सुखप्रीत मिश्रा गंगाराम जाटव रामजी लाल शाक्य, आनंद शांति शाक्य, राहुल शर्मा, स्नेहलता जैन, चुंटाईशर्मा आयुष मिश्रा, सूरजपाल सिंह राजावत राजू, त्रिवेदी, कुंवर पाल सिंह गुर्जर, राम सत्य त्यागी,प्रदीप भदोरिया,देवेंद्र भदोरिया, नमन सिरोठिया,संजीव बरुआ,गजेंद्र यादव,इमरान खान, कमलेश सुमन, धीरज सिंह भदोरिया, अजय जैन आदि कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

# लोकायुक्त ने 10000 की रिश्वत लेते पटवारी पकड़ा

**जगदीश पाल रिपोर्टर खनियाधाना**

**शिवपुरी।** जिले की पिछोर तहसील अन्तर्गत ग्राम माचमोर हल्का का पटवारी लाखन सिंह बारले द्वारा बादाम सिंह लोधी की पट्टे की जमीन पर बर्षो से दर्ज पिता के नाम की जगह चाचा का नाम अंकित कर दिया जिससे आबेदक बादाम सिंग लोधी ने पटवारी से कहा कि मेरे पिताजी का नाम अंकित कर दीजिए नाम दर्ज करने के एब्ज में पटवारी द्वारा 30000 रुपये की मांग की गई लेकिन मामला 10000 में तय हुआ इसके



बाद आबेदक ने इसकी शिकायत लोकायुक्त ग्वालियर में कई वहां से आबेडक को 10000 के पावडर लगे नोट दिये वही आज दिन में 2 बजे के लगभग तहसील परिसर के पास में लोकायुक्त ग्वालियर की टीम ने पटवारी को पकड़ लिया । यहां बताना होगा कि पटवारी ने रिश्बत की रकम सीधे अपने हाथों में नही ली पटवारी ने अपने तीन मित्रो के द्वारा रकम ली जिसे लोकायुक्त ने मित्रो सहित 4 लोगो को पकड़ लिया और केश दर्ज कर कारवाही करने की बात लोकायुक्त द्वारा की जा रही है।

# भिंड के बॉर्डर से लेकर भिंड सिटी संस्कृति गार्डन तक हजारों की जनसंख्या में युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार स्वागत





**भिण्ड** /आपको बता दें कि भिंड जिले के भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला मीडिया प्रभारी संतोष सिंह भदोरिया द्वारा बताया गया कि भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष विक्रांत सिंह कुशवाहा जी के नेतृत्व में माननीय भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री चहल जी एवं मध्य प्रदेश युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष माननीय वैभव पवार जी के प्रथम नगर आगमन पर भिंड जिले की सीमा टोल टैक्स पर ही भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला पदाधिकारियों द्वारा स्वागत किया गया एवं साथ ही भिंड जिले के भाजपा जिला अध्यक्ष माननीय देवेंद्र सिंह नरवरिया जी साथ उपस्थित रहे उसके बाद भिंड जिले की सीमा में प्रवेश करते ही एक के बाद एक एक के बाद एक बढ़-चढ़कर के स्वागतो का सिलसिला चलता रहा भिंड जिले के सभी युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्षों ने अलग-अलग जगहों पर पुष्पमाला सोल देकर प्रदेश अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय महामंत्री जी का स्वागत किया गया साथ ही जिले के पदाधिकारियों द्वारा भी अलग-अलग



स्वागत किया गया भिंड सिटी में प्रवेश करते ही हर 100 मीटर की दुरी पर कार्यकर्ताओ ने अपनी अपनी टोली बनाकर स्वागत किया गया। उसके बाद संस्कृति गार्डन में पहुंच कर सभी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया संबोधित करते हुए भिंड जिले के युवा कार्यकर्ताओं के तारीफों के पुल बांधे एवं केंद्र सरकार व राज्य सरकार की उपलब्धियां गिनाई खिलते कमल के आयोजन के बारे में बताया साथ ही भाजपा भिंड जिले के प्रभारी राजोरिया जी एवं जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह नरवरिया जी भिंड विधायक संजीव सिंह कुशवाहा जी भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिले की मीडिया प्रभारी कुलदीप सिंह यादव जी साथ और भी पदाधिकारी मौजूद साथ में महिला मोर्चा के पदाधिकारी भी नजर आई साथ ही भारतीय जनता युवा मोर्चा जिले के सभी पदाधिकारी गण एवं भिंड जिले के सभी युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष वह सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे अंत में भाषण के उपरांत सभी अतिथियों व पदाधिकारियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। मंच का संचालन युवा मोर्चा के जिला महामंत्री अतिराज सिंह नरवरिया द्वारा किया गया अंत में जिले के युवा मोर्चा के महामंत्री धीरज चौधरी द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

# मालनपुर थाना पुलिस ने 719 हाईवे पर अतिक्रमण एवं यातायात व्यवस्था को लेकर लोगों को दी हिदायत

**पहलवान सिंह राजावत**
**पुष्पांजलि टुडे संवाददाता मालनपुर**

हाईवे के किनारे व्यवसाय एवं चार पहिये एवं दुकानदारों द्वारा रोड के किनारे अतिक्रमण करने वालों को एस डीओपी एवं थाना प्रभारी मालनपुर ने पुलिस बल के साथ फ्लैगमार्च निकालकर अतिक्रमणकारियों को हिदायत दी और कहा कि रोड से अंदर की साइड दुकान लगाकर दुकानदारी करें जिससे की दुर्घटना कम हो एवं पार्किंग की अर्थव्यवस्था बनी रहे अन्यथा चालानी कार्रवाई की जाएगी फ्लैग मार्च मालनपुर थाने से लेकर हनुमान चौराह मनहार होटल तक निकाली ज्ञात रहे कि हनुमान चौराहे मालनपुर नेशनल हाईवे के किनारे दुकानें एवं टैक्सी लग जाने से रोड पर जाम लग जाता था जिससे आने जाने वाहन चालकों को परेशानी उठानी पड़ती है और एक्सीडेंट की घटना होने का भी अंदेशा रहता है इस क्रम में आज एस डी ओ पी गोहद सौरभ कुमार थाना प्रभारी विनोद विनायक करकरे व एसआई बलवंत सिंह यादव प्रधान आरक्षक राघवेंद्र शुक्ला प्रधान आरक्षक कमल माहौर आरक्षक नवीन तोमर आरक्षक सोनू सिंह व समस्त पुलिस बल ने लोगों को बताया कि अगर ऐसा पाया गया तो दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# अंबाह महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स ने किया शासकीय प्रशिक्षण संस्थान भिंड का शैक्षणिक भ्रमण

**केशब पंडित जी पत्रकार अम्बाह**






**अम्बाह।** 30 मध्यप्रदेश बटालियन एनसीसी भिंड के तत्वाधान में कर्नल जगदीश कुमार राव के निर्देशन में आयोजित संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में अंबाह महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट दिनांक 23 दिसंबर 2022 से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। शिविर के छठवें दिन कैडेट्स ने शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान भिंड के वर्कशॉप में जाकर विभिन्न तकनीकी मशीनों और उनके प्रयोग के बारे में विस्तृत जानकारी वहां के स्टाफ के द्वारा प्राप्त की। निश्चित ही स्वरोजगार की ओर एक अच्छा कदम है इस प्रकार के प्रशिक्षण से स्वरोजगार स्थापित कर व्यक्ति खुद बा अन्य लोगों को रोजगार दे सकने में सक्षम हो जाता है यह बात इस संस्थान भ्रमण करते बात संस्थान के प्राचार्य श्री योगेश शर्मा ने कही। कार्यक्रम का निर्देशन कैप्टन मनोज कुमार शर्मा ने किया इस अवसर पर 30 मध्यप्रदेश बटालियन एनसीसी भिंड से सूबेदार मेजर सुनील कुमार सेकंड ऑफिसर आरके पचौरी थर्ड ऑफिसर धर्मेंद्र कुशवाहा एनसीसी बटालियन के सूबेदार राजवीर सिंह तोमर हवलदार जवाहर सिंह यादव हवलदार शिवपाल सिंह हवलदार जितेंद्र सिंह मुंडा आदि लोग उपस्थित थे।

# अटल रत्न सम्मान से पंकज त्रिपाठी पत्रकार हुए सम्मानित

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर ।** ग्वालियर शहर में प्रेस मीडिया पत्रकार कल्याण संघ द्वारा अटल रत्न सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया । कार्यक्रम में



मुख्यअतिथि ग्वालियर नगर निगम महापौर श्रीमती शोभा सिंह सिकरवार,मध्यप्रदेश बीज निगम अध्यक्ष मुन्नालाल गोयल,प्रेस मीडिया पत्रकार कल्याण संघ राष्ट्रीय अध्यक्ष रविन्द्र सिंह पवैया के अलावा कई समाचार पत्रों व न्यूज चैनल के संपादक एवं वरिष्ठ पत्रकार व समाजसेवी,अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में 151 समाजसेवी एवं पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया । प्रदेश स्तर पर पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर पुष्पांजली टुडे (दैनिक समाचार पत्र व मासिक पत्रिका)के स्टेटहेड मध्यप्रदेश पंकज त्रिपाठी को अटल रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। वरिष्ठ पत्रकार पंकज त्रिपाठी ने कहा कि उन्हें पत्रकारिता के क्षेत्र में कार्य करते हुए 22 बर्ष से अधिक समय हो गया है इस बीच कई समाचार पत्रों व समाचार पत्रिकाओं में कार्य किया, श्री त्रिपाठी ने पत्रकारिता को समाजसेवा में कार्य करना बताया। वरिष्ठ पत्रकार पंकज त्रिपाठी को सम्मानित होने पर राजनीतिकों,पत्रकारों एवं समाजसेवियों द्वारा बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की गई।

# जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें जिले के मुख्य मार्गों पर गति सीमा निर्धारित करने के संबंध में चर्चा की गई एवं गति सीमा निर्धारण के लिये कलेक्टर को निम्न अनुशंसा किया जाना प्रस्तावित किया गया। जिला परिवहन अधिकारी भिण्ड ने बताया कि जिला सडक सुरक्षा अन्तर्गत यह गति सीमा रखी गई है जिनमें दीनपुरा प्रकाश होटल से नहर के लावन मोड तक अटेर रोड मुडिया खेड़ा तक एवं लहार रोड़ मानपुरा तक बस, भारी मालवाहन, माध्यम वाहन एवं मोटरसायकल की गति सीमा 30 किमी प्रति घंटा कार की 40 किमी प्रति घंटा तय करना प्रस्तावित है। रिलायंस पेट्रोल पम्प मेहगांव से अशोक भारद्वाज के निवास तक बस, भारी मालवाहन, माध्यम वाहन एवं मोटरसायकल की गति सीमा 30 किमी प्रति घंटा कार की 40 किमी प्रति घंटा तय करना प्रस्तावित है। भारत गैस एजेन्सी गोहद से नाखली मोड़ गोहद तक बस, भारी मालवाहन, माध्यम वाहन एवं मोटरसायकल की गति सीमा 30 किमी प्रति घंटा कार की 40 किमी प्रति घंटा तय करना प्रस्तावित है। मालनपुर नहर से पेट्रोल पंप तक बस, भारी मालवाहन, माध्यम वाहन एवं मोटर सायकल की गति सीमा 30 किमी प्रति घंटा कार की 40 किमी प्रति घंटा तय करना प्रस्तावित है। ऊमरी नरेन्द्र कुशवाहा पेट्रोल पंप से रूर की पुलिया तक बस भारी मालवाहन, माध्यम वाहन एवं मोटरसायकल की गति सीमा 30 किमी प्रति घंटा कार की 40 किमी प्रति घंटा तय करना प्रस्तावित है। फूप निबुआ चौकी से कनकूरा मरघट तक बस, भारी मालवाहन माध्यम वाहन एवं मोटर सायकल की गति सीमा 30 किमी प्रति घंटा कार की 40 किमी प्रति घंटा तय करना प्रस्तावित है। गोरमी दौनिया पुरा से संस्कार स्कूल तक बस भारी मालवाहन माध्यम वाहन एवं मोटरसायकल की गति सीमा 30 किमी प्रति घंटा कार की 40 किमी प्रति घंटा तय करना प्रस्तावित है। अजनोधा पुलिया से पेट्रोल पंप तक बस,भारी मालवाहन, माध्यम वाहन एवं मोटर सायकल की गति सीमा 30 किमी प्रति घंटा कार की 40 किमी प्रति घंटा तय करना प्रस्तावित है। मौरेस्ट हाउस से खेरिया पेट्रोल पंप तक बस,भारी मालवाहन माध्यम वाहन एवं मोटरसायकल की गति सीमा 30 किमी प्रति घंटा कार की 40 किमी प्रति घंटा तय करना प्रस्तावित है।

# मुरैना नये साल का जश्न रात 12 बजे तक, उसके बाद पुलिस से सामना

**केशब पंडित जी पत्रकार अम्बाह**

**मुरैना।** हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी साल 2022 की विदाई और 2023 अंग्रेजी नए साल के आगमन के लिए खासतौर से युवा वर्ग काफी ज्यादा उत्साहित है । लेकिन अगर जश्न मनाने वालों ने जरूरत से ज्यादा उत्साह मातरम् इंडिया दिखाया और नियमों की अनदेखी की इंटरव्यू तो फिर मुरैना पुलिस किसी भी स्थिति में आपको छोड़ने वाली नहीं है, क्योंकि 31 फर्स्ट की नाइट पुलिस मुरैना जिले के हर शहर के अलग अलग प्रमुख चौराहों, बायपास, शहर के सभी पब्स पर लगातार नजर बनाए रखेगी । अगर फिर कोई नियमों की धज्जियां उड़ाते पाया गया तो उसकी खैर नहीं । अंग्रेजी नए साल के शुभागमन को देखते हुए मुरैना पुलिस की तैयारियों को लेकर मुरैना एसपी आशुतोष बागरी ने पत्रकारो से सभी जानकारियां साझा की जिसके तहत आपको बता दें कि युवती हो या युवक हुड़दंग मचाने वाले किसी को भी पुलिस



बिलकुल छोड़ने वाली नहीं है।

**सवाल- इस बार क्या रहेगा पुलिस का एक्शन प्लान।**

**जवाब-** नए साल के आगमन का जश्न मनाया जाना गलत नही है । लेकिन ओवर स्पीडिंग और शराब पीकर वाहन चलाने वालों को पुलिस बिलकुल भी बख्शने वाली नहीं है । शहर के प्रमुख चौराहों पर पुलिस जवान तैनात रहेंगे । यही नहीं पुलिस ओवर स्पीड चेकिंग डिवाइस का भी उपयोग करेगी।

**सवाल-** पब्स को लेकर क्या रणनीति रहेगी पुलिस की ड़ जवाब ञ शहर के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में आने वाले सभी सभी होटल थियेटर को हिदायत दे दी गई है कि अगर तय समय से ज्यादा समय तक खुले तो इसे सहन नहीं किया जाएगा । **सवाल-** युवतियों को लेकर क्या कदम रहेंगे ड़ जवाब ञ पुलिस ने इस बार हुड़दंग करने वाली युवतियों को लेकर भी अलग - अलग टीम गठित कर दी है , जिनमें महिला अधिकारी तैनात रहेंगी ।

**सवाल-** यातायात को लेकर क्या योजना है

**जवाब-** पुलिस विभाग यातायात व्यवस्था को लेकर काफी ज्यादा अलर्ट है । दरअसल इस दौरान शहर की ट्रैफिक व्यवस्था से लेकर अम्बाह पोरसा जौरा कैलारस सबलगढ बामौर नूराबाद दिमनी आदि जगह पर जाम के हालात नहीं बनें इसे लेकर भी मैं खुद अपने अन्य अधिकारियों के साथ 26 तारीख को क्राइम मीटिग में बैठक की है ।

**सवाल-** पुलिस ने जश्न की कोई समय सीमा तय की है

**जवाब-** जी हां, 31 दिसंबर को लेकर आखिरी रात 12 बजे तक का समय तय किया गया है । उसके बाद पुलिस अपनी सख्त मुद्रा में दिखाई देगी । अगर इस समय सीमा के बाद कोई भी हुड़दंग करते दिखाई दिया तो फिर उसकी खैर नहीं है।





## अम्बाह चोथे दिन की लीला में हुआ लंकादहन राम लीला से मिलती है सुख अनुभूतिः उमाचरन कटारे

**केशब पंडित जी पत्रकार अम्बाह**

**अम्बाह।** महात्मा लोचनदास कला मंडल के तत्वावधान में श्रीराम बाटिका में चल रहे रामलीला महोत्सव में गुरूवार के दिन अशोक वाटिका और लंका के दहन लीला का मंचन हुआ। रामलीला प्रागण के रंगमंच पर बजरंग बली की आरती अम्बाह भाजपा के बरिष्ठ नेता बल्लू चौहान ने की तदौपरान्त कलाकारों ने दिखाया कि लंका पहुंचने पर हनुमान विभीषण के पास जाते हैं। वह उन्हें माता सीता के अशोक वाटिका में रखे जाने की जानकारी देता है। माता सीता से भेंट के दौरान हनुमान उन्हें प्रभु राम की निशानी अंगूठी देते हैं। भूख लगने पर वह सीता की आज्ञा पाकर अशोक वाटिका में जाकर भरपेट फल खाते हैं। जब राक्षस उन्हें रोकते हैं तो वे उनका वध कर देते हैं। रावण का छोटा पुत्र अक्षय कुमार हनुमान के हाथों वीरगति को प्राप्त होता है। रावण दरबार में हनुमान और रावण में बड़ा ही सुंदर संवाद होता हैवही श्रीराम बाटिका के संचालक व अम्बाह काग्रेस कमेठी के बरिष्ठ युवा नेता ने कहा कि रामायण पर आधारित रामलीला आज भी प्रासंगिक एवं महत्वपूर्ण है क्योंकि इस पर अमल करके जीवन में आगे बढ़ा जा सकता है। रामलीला युवा पीढ़ी विशेषकर बच्चों में अच्छे संस्कार पैदा करने का सशक्त माध्यम है। इससे जहा सामाजिक बुराइयों के विरूद्ध संघर्ष करने की प्रेरणा मिलती है वही बड़ों की आज्ञा का पालन करने व छोटो के प्रति स्नेह के साथ-साथ परिवार व समाज में समन्वय स्थापित करने की सीख मिलती है।

# मायानगरी मुम्बई में लगा प्रजापति राजस्थानी प्रवासियों का मेला

**पुष्पाजंली टुडे**

**मुम्बई-** मायानगरी मुंबई से सटे मीरा भाईंदर में राजस्थानी प्रजापति श्रीयादे संस्थान मुम्बई द्वारा प्रजापति कुम्हार समाज महा सम्मेलन 2022 का भव्य आयोजन ललन तिवारी कॉलेज के पास समाज के भूखंड पर हुआ । हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी महा महा सम्मलेन बड़े उत्साह व धूम धाम के साथ मनाया

## प्रजापति कुम्हार महा सम्मेलन में उमड़ा जन सैलाब


गया ।पारम्परिक राजस्थानी वेषभूषा के साथ हजारों की संख्या में महिला व पुरुषों की उपस्थिति से मैले जैसा माहौल का वातावरण बन गया । दूर दूर तक लोग ही लोग नजर आरहे थे । राजस्थान, गुजरात व महाराष्ट्र के अलग अलग शहरों से बसों में सवार होकर बड़ी संख्या लोग अपने परिवार के साथ इस सम्मलेन में उपस्थित हुए । आयोजन का शुभारंभ समाज के गणमान्य अतिथियों के कर कमलों द्वारा श्रीयादे माताजी के समक्ष दिप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित करते हुए माताजी को आमंत्रित किया गया । वही आयोजन में पधारे गणमान्य अतिथियों का पारम्परिक राजस्थानी साफा व स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया । अतिथियों



ने समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओ को सम्मान चिन्ह देकर उनका सम्मान किया। विशाल जन समहू को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक नरेंद्र मेहता ने कहा की मेरी ओर आपकी जन्म और कर्म भूमि एक ही है । आप लोगो के स्नहे ओर आशीर्वाद से में आज इस मुकाम पर पहुचा हु। इसलिए मेरा कर्तव्य है कि मैं आपके हर दुख सुख में साथ रहूं । राजस्थानीयो की आवाज को बुलंद करता रहूंगा । पूर्व महापौर व वर्तमान मीरा भायंदर की विधायक श्रीमती गीता जैन ने प्रवासियों को संबोधित हुए कहा कि अपनी संस्कृति को कभी नही भूलना चाहिए हमे गर्व है कि हमारी जन्म भूमि राजस्थान है जिसकी पहचान ही संस्कृति है ।राजस्थान के प्रसिद्ध संगीतकार व गायक सतीश देहरा एंड टीम ने शानदार रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी । एक से बड़ कर एक मनमोहक राजस्थानी गानों की प्रस्तुति से समारोह में चारचांद लगा दिया । वही कॉमेडी किंग झाबर छैला ने अपने देसी अंदाज की कॉमेडी से लोगो को हंसा हंसा कर लौट पॉट किया । विशेष अतिथि केशर देव प्रजापति ने भी अपनी कॉमेडी से खूब हसाया। मंच का कुशल संचालन रामानंद धुवरिया एंड साथियों ने किया। सफल आयोजन के लिए आयोजन समिती के पदाधिकारियों ने समाजबंधु व अतिथियों का आभार व्यक्त किया । आयोजन का लाइव वीडियो कवरेज मंगल मीडिया टीम द्वारा किया गया।

## सामुदायिक भवन के अधुरे कार्य को पूर्ण करवाने श्री मांझी समाज ने जनपद सीईओ को सौंपा ज्ञापन

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**



बालाघाट। श्री मांझी अन्तर्राष्ठीय समाजवाद आदिवासी संगठन रमपुरा के द्वारा विधायक निधि से प्रदत्त सामुदायिक भवन के अधुरे कार्य को शीघ्र पूरा करने के लिए लांजी जनपद सीईओ रंजीत सिंह ताराम को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बताया गया कि जनपद पंचायत लांजी अंतर्गत ग्राम पंचायत रमपुरा अंतर्गत सोगलपुर में सामुदायिक भवन का निर्माण पंचायत के द्वारा किया गया किंतु भवन का कुछ कार्य अधुरा है, जिसमें मुख्य दरवाजे के सामने सीढ़ी बनाना, पंखे लगवाना तथा विद्युत कनेक्शन किया जाना बाकी है। चुंकि इस नवनिर्मित भवन का उद्घाटन सुभाष चन्द्र बोस की जयंती 23 जनवरी को किया जाना है, तथा भवन के परिसर में मुरमीकरण की आवश्यकता है साथ ही शौचालय की आवश्यकता है। इन तमाम बातों को लेकर जनपद सीईओ तथा ग्राम पंचायत के सरपंच को ज्ञापन सौंपा गया है।

**ज्ञापन के दौरान ये रहें उपस्थित**-श्री मांझी अन्तर्राष्ठीय समाजवाद आदिवासी संगठन के मांझी सेना समाज के अध्यक्ष होमेश्वर घोरमारे, सदस्य मोहनलाल कुंभरे, संपत पंद्रे, बारेलाल मडावी, छन्नूलाल उइके, रूपलाल टेकाम, रोहित मडावी, सेरसिंह सिरसाम, जानीराम पन्द्रे, राजू सिरसाम, सुंदर वरकड़े, तिजलाल मसराम, उदेसिंग मर्सकोले, सूरजलाल मसराम, युवराज मसराम, मंगलू उईके, श्रीमती बसंती इनवाते, ललिता उईके, शुशीला मर्सकोले, सुकवंती पन्द्रे, कुमारीन बाई मसराम, चरनी बाई मडावी, नमिता उइके एवं श्री मांझी अन्तर्राष्ठीय समाजवाद आदिवासी संगठन के अनेक सदस्य मौजूद रहे। जनपद पंचायत सीईओ रंजीत सिंह ताराम ने बताया कि दिए गए ज्ञापन में मांझी सेना समाज की मांगों में से एक मांग तत्काल में पूर्ति करते हुए पंखे लगवा दिए गए है, बिजली कनेक्शन नहीं है उसके लिए प्रयास किया जा रहा है शिघ्र ही सभी कार्यो को पूरा कर लिया जाएगा।

# सांसद संध्या राय ने मौ मंडल के ग्रामीण अंचलों में चौपाल लगाकर जनता से हुई रूबरू सुनीं जन समस्याएं

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड।** भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भिंड दतिया लोकसभा सांसद श्रीमती संध्या राय अपने जनसंपर्क कार्यक्रम के तहत गोहद विधानसभा क्षेत्र के मंडल मो के ग्रामीण अंचलों में पहुंचकर चौपाल लगाकर ग्रामीण जनों की समस्याओं को सुना और उनसे रूबरू हुई किसानों ने कई जन विकास कार्यों से ध्यान आकर्षित कराया। भाजपा सांसद संध्या राय ने ग्राम पंचायत किटी, अंधियारी, खुर्द, अंधियारी कला, असोहना, बडेरा में चौपाल लगाकर समस्याओं को सुना साथ ही कुछ समस्याओं का निराकरण भी कराया गया। जिसमें ग्रामीण जनों ने सड़क, बिजली, पानी, जनसमस्याओं नया ध्यान आकर्षित कराया ।

सांसद श्रीमती राय ने ग्रामीण अंचलों में चौपाल लगाकर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व वाली भाजपा सरकारों ने गरीब कल्याणकारी योजनाओं को संचालित किया है जो गांव के विकास पर निर्भर है आप सभी भारत सरकार और केंद्र सरकार की विकास योजनाओं का लाभ लेते हुए आत्मनिर्भर बने। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना, महिलाओं के लिए निशुल्क उज्जवला योजना, आयुष्मान भारत कार्ड योजना, किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री ग्रामीण



सड़क परियोजना, जो भारत सरकार की महत्वपूर्ण योजना है योजना का आप लोग लाभ प्राप्त करें। सांसद राय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम के तहत हम सबको कोविड-19 की लहर से बचने के लिए जागृत किया है आप अपने आसपास लोगों को करुणा से बचने के लिए सुरक्षित रहें और साथ ही उन्होंने कहा कि मास्क और सैनिटाइजर्स और वैक्सीनेशन अवश्य अपने परिवार को पास के उप स्वास्थ्य केंद्रों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं को सेटरो पर पहुंचकर लगवाएं। वैक्सीनेशन कोविड-19 की सुरक्षा का महत्व पूर्ण कवच है। सांसद राय ने ग्राम पंचायतों के जिला पंचायत जनपद सरपंच उपसरपंच पंच को भी कहा कि वे अपने गांव को भारत सरकार और प्रदेश सरकार की योजनाओं से अंतिम छोर तक व्यक्ति तक पहुंचाकर उन्हें लाभ दिलाने का काम करें। सांसद श्रीमती राय ग्रामीण क्षेत्रों मेंदुखद परिवारों के बीच भी शोक संवेदना व्यक्त की जिसमे मौ मंडल अध्यक्ष गोपाल सिंह कुशवाह,वरिष्ठ नेता बलभद्र सिंह सिकरवार, जिला पंचायत सदस्य अवधेश सिंह चौहान किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष पर्वत जादौन,पिछड़ा वर्ग मोर्चा मंडल अध्यक्ष रघुराज सिंह गुर्जर, मंडल महामंत्री राजू मिश्रा, सोमवीर शिवहरे, जिला कोषाध्यक्ष सोनू खान, राहुल गुर्जर सरपंच, सतीश परिहार जिला आईटी सह प्रभारी अजा मोर्चा भाजपा भिण्ड एवम सभी ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सांसद पीपी चौधरी को मिली एक और संसदीय समिति की कमान

## जन विश्वास (संशोधन प्रावधान) विधेयक 2022 पर बनी संयुक्त संसदीय समिति के बने अध्यक्ष, छोटी-छोटी गलतियों के लिए अब सिर्फ होगा जुर्माना, अदालतों के नहीं लगेंगे चक्कर

**पुष्पांजलि टुडे**
**संवाददाता पाली राजस्थान**

लोकसभा अध्यक्ष के निर्देशानुसार पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री एवं पाली सांसद पीपी चौधरी को संसद की एक और समिति का अध्यक्ष बनाया गया है । विदित है कि सांसद चौधरी वर्ष 2019 से संसदीय विदेश मामलों की स्थाई समिति के अध्यक्ष पद पर कार्यरत है इसके साथ ही एक और अतिमहत्वपूर्ण संयुक्त संसदीय समिति, जन विश्वास (संशोधन प्रावधान) विधेयक 2022 का अध्यक्ष बनाया गया । इसके पूर्व, सांसद चौधरी की अध्यक्षता में पर्सनल डाटा प्रोटेक्शन विधेयक-2019 पर बनी संसदीय संयुक्त समिति ने भी पिछले वर्ष अपनी रिपोर्ट पेश की थी । इस रिपोर्ट की देश की सभी राजनैतिक पार्टीयों द्वारा सांसद चौधरी की तारीफ की गयी । हाल ही में सांसद चौधरी की कार्यशैली की विदेश मंत्री डॉ एस. जयशंकर ने भी लोकसभा कार्यवाही में तारीफ की और कहा सांसद चौधरी की अध्यक्षता में समिति ने अनेक महत्वपूर्ण सुझाव सरकार को दिए है और सरकार ने लगभग उनके सभी सुझाओं को माना है । संसद के इसी शीतकालीन सत्र के दौरान यह जन विश्वास (संशोधन प्रावधान) विधेयक 2022 बिल लाया गया और केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने अध्ययन एवं विचार-विमर्श के लिए इस बिल को संसद के दोनों सदनों यथा लोक सभा एवं राज्य सभा की 31 सदस्यीय संयुक्त समिति को भेजने की सिफारिश की थी ।

**समिति के गठन के कारण**-प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार अंग्रेजों के जमाने से चले आ रहे तमाम वैसे कानूनों को खत्म करती आ रही है, जो अब प्रचलित नहीं है या जिनका आज कोई औचित्य नहीं है। कई कानून बदले जा चुके हैं और कई को बदलने की प्रक्रिया चल रही है। इसी दिशा में आगे कदम ब?ाते हुए सरकार चाहती है कि देश में कई सारे ऐसे कानून हैं, जिसमें छोटी-छोटी गलतियों के लिए लोगों को सजा दी जाती है, उन पर



कानूनी कार्रवाई होती है और उन्हें अदालतों के चक्कर लगाने होते हैं ,ऐसे सभी कानूनों को सरकार ने इस जन विश्वास (संशोधन प्रावधान) विधेयक 2022 संयुक्त संसदीय समिति का गठन किया है । यह समिति 19 मंत्रालयों से जुड़े 42 अलग-अलग कानूनों में 183 प्रावधानों को अपराध की श्रेणी से बाहर रखने या जुर्माना लगाकर न्यायसंगत रखने पर विचार विमर्च कर बजट सेशन 2023 के दूसरे सत्र में अपनी रिपोर्ट पेश करेगी। जनता एवं व्यापारियों के विश्वास को केन्द्रित करते हुए इसका नाम जन विश्वास (संशोधन प्रावधान) विधेयक 2022 रखा गया है । इस बिल के पास होने से अदालतों पर भी ऐसे मुकदमों का भार कम होगा ।

**संशोधित हो रहे कुछ महत्वपूर्ण अधिनियम**-जिन कानूनों को संशोधित किया जा रहा है, उनमें ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स अधिनियम 1940, लोक ऋष्ण अधिनियम 1944, फार्मेसी अधिनियम 1948, सिनेमेटोग्राफ अधिनियम 1952, कॉपीराइट अधिनियम 195।, पेटेंट अधिनियम 19।0, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम 1986 और मोटर वाहन अधिनियम 1988 शामिल हैं । इनके अलावा ट्रेड मार्क अधिनियम 1999, रेलवे अधिनियम 1989, सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम 2000, धन शोधन रोकथाम अधिनियम 2002, खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम 2006, लीगल मेट्रोलॉजी अधिनियम 2009 और फैक्टरिंग विनियमन अधिनियम 2011 भी हैं ।

**समिति के सदस्य**-लोकसभा से भाजपा के डॉ. संजय जयसवाल, उदय प्रताप सिंह, संजय सेठ, क्वीन ओझा, खगेन मूर्म, पूनम महाजन, पूनम मदाम, अपराजिता सारंगी, राजेंद्र अग्रवाल, रतन लाल कटारिया और अरविंद ब्रह्मपुरी, कांग्रेस पार्टी के गौरव गोगोई, डीन कुरियाकोस, टीएमसी पार्टी के सौगत रॉय, वाई एस आर कांग्रेस पार्टी की वी सत्यवती, द्रमुक पार्टी के ए राजा, शिव सेना से गजानन कीर्तिकर, जदयू सांसद राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह, बीजू जनता दल के पिनाकी मिश्र और बसपा के गिरीश चंद्र शामिल किए गए हैं इनके अलावा राज्यसभा के भाजपा से घनश्याम तिवारी, जी.वी.ल. नरसिम्हा राव, महेश जेठमलानी, राधा मोहन अग्रवाल, कांगेस पार्टी के विवेक तन्खा, एआइटी कांग्रेस पार्टी के सुखेंदु शेखर रे, डीएमके से डा. कनिमोज्ही सोमू, आप पार्टी से एन.डी. गुप्ता, बीजेडी से सुजीत कुमार और वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के मस्थान राव बीड़ा को सदस्य नामित किया गया है ।

**कार्यकर्ताओं ने जताया आभार**-इस संयुक्त संसदीय समिति के अध्यक्ष बनाए जाने पर स्थानीय कार्यकर्ताओं ने सांसद चौधरी का स्वागत किया और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का आभार व्यक्त किया ।

## सम्पादकीय

# नेपाल में फिर प्रचंड

आखिरकार नाटकीय घटनाक्रम के बाद नेपाल में नई सरकार बनी है। आम चुनावों के एक माह बाद बनी नई सरकार का नेतृत्व प्रधानमंत्री के रूप में सीपीएन-माओवादी सेंटर के नेता पुष्प कमल दहल ह्यप्रचंडह्ल करेंगे। दरअसल, बीस नवंबर को हुए चुनावों में एक त्रिशंकु सदन की तसवीर उभरी थी। यद्यपि इन चुनावों में पांच बार प्रधानमंत्री रह चुके व निवर्तमान प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा की नेपाली कांग्रेस सबसे बड़े राजनीतिक दल के रूप में उभरी थी। ऐसे में देउबा प्रधानमंत्री बनने के सबसे बड़े दावेदार माने जा रहे थे। लेकिन प्रचंड ने नाटकीय घटनाक्रम के बाद प्रधानमंत्री पद की शपथ ले ली है। चुनाव के दौरान नेपाली कांग्रेस के साथ मिलकर चुनाव लड़ने वाले माओवादी नेता प्रचंड ने गठबंधन को धता बताकर पलटवार किया। जो हाल के दिनों में नेपाल में जारी राजनीतिक विरोधाभास का ही पर्याय है। प्रचंड ने पूर्व प्रधानमंत्री के.पी. ओली की पार्टी से समझौता कर लिया है। दोनों ढाई-ढाई साल के लिये सरकार का नेतृत्व करने पर सहमत हुए हैं। उल्लेखनीय है कि पिछले साल प्रचंड ने ओली से नाता तोड़ लिया था, जिसके बाद ओली की सरकार गिर गई थी। फिर प्रचंड ने प्रधानमंत्री पद के लिये शेर बहादुर देउबा का समर्थन किया था। राजशाही के पतन के बाद नेपाल में सत्ता के लिये संघर्ष और राजनीतिक अस्थिरता नेपाल का स्थायी परिदृश्य बन गया है। किसी भी प्रधानमंत्री के लिये दो साल से अधिक सत्ता में बना रहना मुश्किल होता रहा है। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक ही है कि क्या प्रचंड व ओली की जोड़ी नेपाल को स्थिर सरकार देने में सक्षम हो पायेगी? बहरहाल, नेपाल के हालिया राजनीतिक घटनाक्रम के विशेष मायने हैं। इसकी वजह यह भी है कि हाल के दशक में चीन नेपाल में सत्ता बनाने व बिगाड़ने के लिये कूटनीतिक खेल खेलता रहा है। खासकर वामपंथी दलों में उसकी खासी दखल रही है। यही वजह है कि नेपाल में हालिया राजनीतिक घटनाक्रम के चलते भारतीय कूटनीतिक क्षेत्रों में असहजता है। उल्लेखनीय है कि शेर बहादुर देउबा सरकार के दौरान भारत व नेपाल के रिश्तों में आशातीत सुधार हुआ था। यहां तक कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस साल मई में बुद्ध पूर्णिमा पर भगवान बुद्ध की जन्मस्थली लुम्बिनी का दौरा किया था। इस दौरान संस्कृति और शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग संबंधी समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर दोनों देशों के सदियों पुराने रिश्तों को मजबूती देने के मकसद से किये गये। ऐसे वक्त में जब भारत हितैषी देउबा अब सत्ता से बाहर हो गये हैं तो भारत को नेपाल के साथ संबंधों को नये सिरे से परिभाषित करना होगा। इसकी वजह यह है कि सीपीएन-माओवादी सेंटर के नेता पुष्प कमल दहल ह्यप्रचंडह्ल व पूर्व प्रधानमंत्री के.पी.ओली का चीन के प्रति खास झुकाव रहा है। ओली गाहे-बगाहे भारत के खिलाफ आक्रामक होते रहे हैं। दरअसल, हाल के दिनों में क्षेत्र के हिमालयी देश चीन की कूटनीति के केंद्र में रहे हैं। चीन लगातार भारत की घेराबंदी करता रहा है। वहीं चीन का लक्ष्य इन हिमालयी राष्ट्रों में व्यापार, ऊर्जा और बुनियादी ढांचे के निर्माण पर ध्यान केंद्रित करना रहा है। नेपाल में चीन ने हाल के दिनों में बड़ा निवेश किया है। उसकी कोशिश नेपाल की निर्भरता भारत पर कम करने की रही है। कहा जाता है कि वर्ष 2018 में चीन ने प्रचंड और ओली के नेतृत्व वाली पार्टियों के एकीकरण में गहरी भूमिका निभाई थी। अब नई सरकार बनने के बाद चीन नेपाल की राजनीति में प्रभाव डालने के लिये इन नेताओं पर निर्भर रहेगा। ऐसे हालात में नई दिल्ली को काठमांडू में नई सरकार से बेहतर रिश्ते बनाने तथा पुराने विवादों को सुलझाने के लिये रणनीति में बदलाव लाने की जरूरत है। दोनों देशों के बीच शांति व मित्रता के लिये 1950 में की गई भारत-नेपाल संधि समेत विभिन्न समझौतों व संधियों की समीक्षा वक्त की दरकार है। वर्ष 2018 में दोनों देशों के प्रतिनिधियों वाले एक पैनल ने वर्तमान हकीकत को दशार्ने के लिये द्विपक्षीय समझौतों की समीक्षा की सिफारिश की थी। भारत को ओली से सामंजस्य बनाने के लिये कुशल कूटनीतिक पहल की जरूरत होगी क्योंकि कुछ साल पहले उन्होंने संदिग्ध क्षेत्रीय दावों के जरिये भारतीय संप्रभुता को चुनौती दी थी।

# हिंदी साहित्य, हिंदुस्तानी और उपभोक्तावाद

हिंदुस्तान में ही हिंदी से ज्यादा अंग्रेजी के कई शब्द मिलाकर हिग्लिश भाषा बोली जाती है। न्यूज चौनल में न्यूज एंकर विशुद्ध हिंदी की जगह हिग्लिश ही बोलकर अपनी इतिश्री कर लेते हैं। और तो और अब हिंदी के बड़े साहित्यकार भी हिंदी में अंग्रेजी तथा उर्दू के शब्द मिलाकर लिख रहे हैं, बोल रहे हैं, और पढ़ रहे हैं। विडंबना यह है कि भारत में 135 उपभोक्ता की उपस्थिति में विशुद्ध हिंदी का प्रयोग करना थोड़ा कठिन हो जाता है।

**संजीव ठाकुर**

वर्तमान में हिंदी को वैश्विक स्तर पर उपभोक्तावाद से जोड़ा गया है। और बीच-बीच में हिंदी के मध्य उर्दू और अंग्रेजी ने अपनी जगह बनाई है। आज स्थिति यह है कि हिंदुस्तान में ही हिंदी से ज्यादा अंग्रेजी के कई शब्द मिलाकर हिग्लिश भाषा बोली जाती है। न्यूज चौनल में न्यूज एंकर विशुद्ध हिंदी की जगह हिग्लिश ही बोलकर अपनी इतिश्री कर लेते हैं। और तो और अब हिंदी के बड़े साहित्यकार भी हिंदी में अंग्रेजी तथा उर्दू के शब्द मिलाकर लिख रहे हैं, बोल रहे हैं, और पढ़ रहे हैं। विडंबना यह है कि भारत में 135 उपभोक्ता की उपस्थिति में विशुद्ध हिंदी का प्रयोग करना थोड़ा कठिन हो जाता है।जैसे हम टी,वी, को दूरदर्शन नहीं कहते, इंटरनेट को इंटरनेट ही लिखा जाता है, अंतरजाल नहीं लिखा जाता ।यह जितनी अंग्रेजी की शब्दावली हिंदी में जुड़ी हुई है,यह संचार माध्यम टी,वी व्हाट्सएप,फेसबुक,ट्विटर, इंटरनेट सीधे-सीधे उपभोक्ताओं के बाजार वाद के कारण जुड़ेहुए हैं। हिंदुस्तान में लगभग 135 करोड़ उपभोक्ता निवास करते हैं, और




उन तक पहुंचने के लिए हिंदी का प्रयोग अंग्रेजी तथा उर्दू की मिलावट के साथ किया जाता है। वैश्विक स्तर पर भी देखा जाए तो हिंदुस्तानी मूल के लोग श्रीलंका, मॉरीशस ,फिजी, ब्रिटेन, अमेरिका, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,न्यू जीलैंड, साउथ अफ्रीका में फैले हुए हैं।ऐसे में हिंदी का वैश्विक विस्तार अपने आप हिंदी भारतीय अप्रवासी, प्रवासी भारतीय लोगों के माध्यम से होने लगता है ।फिर अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, फ्रॉस, इटली, जापान,चाइना इनके उत्पादक को भारत के उपभोक्ताओं के बीच बेचने के लिए उन्हें हिंदी की आवश्यकता होती है, भारत एक शक्तिशाली उपभोक्ता बाजार है। एक साथ एक ही जगह इतने ग्राहक मिलना किसी अन्य देश में असंभव है। इन परिस्थितियों में विश्व का हर देश अपने बनाए गए उत्पादन का बाजार खोजने भारत की ओर खिंचा चलाआता है। और हिंदी को माध्यम बनाकर वह अपना माल बेचना शुरू करता है। और इसके लिए टी,वी, इंटरनेट, कंप्यूटर, व्हाट्सएप तथा फेसबुक में हिंदी में विज्ञापन देकर उसका प्रचार प्रसार करता है। विज्ञापनों में हिंदी का व्यापक रूप से प्रचार और प्रसार वैश्विक स्तर पर होने लगा है। डॉक्टर जयंती प्रसाद नौटियाल ने भाषा शोध अध्ययन 2012 में यह दावा किया है कि विश्व में सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा हिंदी ही है। हिंदी में अंग्रेजी सहित अन्य भाषाओं का उपयोग करने वालों को पीछे छोड़ दिया है। 14 सितंबर 1949 को संविधान सभा ने एक मत से हिंदी को भारत की राष्ट्रभाषा बनाए जाने का निर्णय लिया था।इसी तारतम्य में भारत में प्रत्येक पर 14 सितंबर को हिंदी दिवस के रूप में व्यापक स्तर पर देश की राजधानी दिल्ली चलेगी ग्राम पंचायत तक मनाया जाता है। डॉ राजेंद्र प्रसाद ने कहा है हिंदी चिरकाल से ऐसी भाषा रही है जिसने मात्र विदेशी होने के कारण किसी शब्द या भाषा का तिरस्कार नहीं किया। वैसे भी अंग्रेजों के आगमन के पूर्व हिंदी देवनागरी लिपि में उर्दू तथा फारसी शब्दों का समावेश होता रहा है। अंग्रेजों के आने के बाद इसने अंग्रेजी शब्दों को भी आत्मसात किया। हिंदी एक विशाल ह्रदय की विशाल भाषा है। इसमें अन्य भाषा के अपभ्रंश आने से हिंदी कभी मूल रूप से दिग्भ्रमित या विकृत नहीं हो पाई है। यही वजह है कि हिंदी वैश्विक स्तर पर धीरे-धीरे विस्तारित, प्रचारित एवं प्रसारित होती जा रही है। वर्तमान में विश्व में लगभग 45 करोड़ से अधिक लोग हिंदी भाषा बोलते हैं, इसकी सरलता विश्व के लोगों को प्रभावित करती जा रही है, भारत के विद्वानों, शिक्षाविदों, साहित्यकारों, कवियों, फिल्मी गीत कारों के प्रयासों से हिंदी ने वैश्विक रूप लिया है। हिंदी को वैश्विक रूप से उपभोक्ताओं से जोड़ने के लिए फिल्म निमार्ताओं गीतकार एवं संगीत, गानों का भी बड़ा योगदान रहा है। हिंदुस्तान में बनी फिल्म को विदेशों में रह रहे भारतीय तथा अन्य भाषाई लोग उसके गीतों तथा उसके संवाद के कारण उस फिल्म को देखने जाते हैं, जिससे सीधे-सीधे भारतीय फिल्मकारों को विदेशी मुद्रा का अर्जन होता है। इस तरह उपभोक्तावाद, बाजारवाद के नजरिए से देखें तो हिंदुस्तानी उपभोक्ताओं का बहुत बड़ा बाजार वैश्विक स्तर पर फैला हुआ है। जिससे हिंदी भाषा न सिर्फ बाजारवाद की भाषा बनी है, बल्कि साहित्यिक रूप से भी गीत, गजल और गानों के रूप में समृद्ध हुई है। वर्तमान में हिंदी न सिर्फ हिंदुस्तान में बल्कि वैश्विक स्तर पर लोकप्रिय होती जा रही है। भारत में हिंदी के प्रचार प्रसार के लिए 14 सितंबर को हिंदी दिवस मना कर एवं वैश्विक स्तर पर विश्व हिंदी सम्मेलन अलग-अलग देशों में आयोजित किया जाता रहा है। इस संदर्भ में पंडित गोविंद बल्लभ पंत ने कहा कि हिंदी के प्रचार प्रसार तथा विस्तार को कोई भाषा रोक नहीं सकती है। हिंदी भारत की एकमात्र ऐसी भाषा है, जिसके माध्यम से भारत के विभिन्न क्षेत्रों के विभिन्न भाषा वासी लोग आपस में अपने विचारों का आदान-प्रदान सकते हैं। एनी बेसेंट ने हिंदी भाषा को लेकर काफी सत्य कहा है कि भारत के विभिन्न प्रांतों में बोली जाने वाली विभिन्न भाषाओं मैं जो भाषा सबसे प्रभावशाली बन कर सामने आती है वह हिंदी है। वह व्यक्ति जो हिंदी जानता है पूरे भारत में किसी भी प्रांत की यात्रा कर सकता है और हिंदी बोलने वालों से हर तरह की जानकारी प्राप्त कर सकता है। अब तो बहुराष्ट्रीय कंपनियां अपने उत्पादों का प्रचार प्रसार पूर्णता हिंदी में करना शुरू कर दिया। इसी तारतम्य में यदि यह कहा जाए कि हिंदी वैश्विक बाजार वाद या उपभोक्तावाद की सबसे बड़ी एवं सशक्त भाषा बन गई है, तो यह अतिरेक नहीं होगा।

# भाजपा सांसद का भड़काऊ बयान

भोपाल से जब भाजपा की उम्मीदवार प्रज्ञा सिंह ठाकुर ने लोकसभा का चुनाव जीता था और संसद में अपनी सीट पक्की कर ली थी, तो इस देश के बहुत से लोगों को हैरानी हुई थी। प्रज्ञा सिंह ठाकुर को मालेगांव बम धमाकों में आरोपी बनाया गया था। 2008 को हुए इस आतंकी हमले में सौ से अधिक लोग घायल हुए थे और 6 लोगों की मौत हो गई थी। इस आतंकी हमले ने एक बार फिर साबित कर दिया था कि आतंकवाद किसी एक रंग या धर्म से बंधा नहीं होता। जब धर्म उन्माद बनकर एक बड़े समाज को वहशी बनने के लिए उकसाता है, तो वह आतंकवाद की शक्ल लेने लगता है। पिछले कुछ दशकों में अलग-अलग सूरतों में दुनियाभर में आतंकवाद ने मासूम लोगों को अपना निशाना बनाया है, भारत भी इससे अछूता नहीं है। देश के बहुत से मासूम लोगों ने धर्म के नाम पर फैलाए जा रहे आतंकवाद में अपनी जान गंवाई है। लेकिन धार्मिक भावनाएं भड़काने का यह सिलसिला थम ही नहीं रहा है। कुछ वक्त पहले धर्म संसदों से सरेआम अल्पसंख्यकों को खत्म करने का आह्वान हुआ था। हरिद्वार, रायपुर, दिल्ली ऐसे तमाम शहरों में आयोजित धर्म संसदों में धर्म के मर्म पर चर्चा की जगह हिंदू धर्म को खतरे में बताकर अल्पसंख्यकों के खिलाफ जहर उगला गया था। इनके खिलाफ शिकायतें दर्ज हुईं तो कुछ एफआईआर दर्ज हुईं, कुछ गिरफ्तारियां हुईं, लेकिन जहर उगलने का सिलसिला जारी रहा। इसी कड़ी को अब प्रज्ञा सिंह ठाकुर ने आगे बढ़ाया है। रविवार को कर्नाटक के शिवमोग्गा में हिंदू जागरण वेदिके के एक कार्यक्रम में भाजपा सांसद ने कहा कि हिंदुओं को उन पर और उनकी गरिमा पर हमला करने वालों को जवाब देने का अधिकार है। उन्होंने साफ-साफ शब्दों में हिंदुओं से अपने घरों में हथियार रखने का आह्वान किया। और ये भी कहा कि कम से कम सब्जी काटने का चाकू तेज रखें। अगर इससे सब्जी कटेगी तो दुश्मनों के सिर भी कटेंगे। धार्मिक भावनाएं भड़काने वाले अंदाज में प्रज्ञा ठाकुर ने अपने भाषण में बार-बार उन्होंने शब्द का इस्तेमाल किया। यह सर्वनाम किस समुदाय के लिए था यह समझना कठिन नहीं है। इसके अलावा भाजपा सांसद ने कहा कि लव जिहाद में शामिल लोगों को उसी तरह जवाब दें। अपनी लड़कियों की रक्षा करें, उन्हें सही मूल्य सिखाएं। प्रज्ञा सिंह ठाकुर ने मिशनरी संस्थानों में अपने बच्चों को शिक्षित करने के खिलाफ अभिभावकों को सलाह देते हुए कहा कि, ऐसा करने से आप अपने लिए वृद्धाश्रम के दरवाजे खोल देंगे। मिशनरी संस्थानों में बच्चे स्वार्थी हो जाते हैं। भाजपा के बहुत से सांसद, विधायक, नेता मिशनरी स्कूलों से ही पढ़े हुए हैं और अब बहुतों के बच्चे भी यहां पढ़ते होंगे। मिशनरी से शिक्षित भाजपा नेताओं को ही प्रज्ञा सिंह ठाकुर को बताना चाहिए कि उनमें से कितनों ने अपने मां-बाप को वृद्धाश्रम में रखा है। वैसे भाजपा में बुजुर्गों को मार्गदर्शक मंडल में शामिल करने की परंपरा तो देश ने देखी ही है। लेकिन प्रज्ञा ठाकुर के इस भाषण का इरादा वृद्धों की देखभाल के बारे में चिंतन करने का नहीं था, बल्कि वे सीधे-सीधे हिंदू धर्म को सर्वश्रेष्ठ बताने के लिए दूसरे धर्म को कमतर बता रही हैं। संस्कारों को केवल हिंदू धर्म की जागीर बता रही हैं। संविधान के हिसाब से यह गलत है ही, लेकिन जिस तरह दुश्मनों के सिर काटने की बात उन्होंने की, घर में हथियार रखने को उकसाया, यह सीधे-सीधे देश के सौहार्द्र और सांप्रदायिक सद्भाव को तोड़ने की कोशिश दिखाता है। पिछले आम चुनाव के दौरान प्रज्ञा ठाकुर ने महात्मा गांधी के हत्यारे नाथूराम गोडसे को देशभक्त बताया था। जाहिर है, अपनी इन बातों को भी वे देशभक्ति ही बताएंगी। देखना ये है कि भाजपा का शीर्ष नेतृत्व इस बयान को किस तरह देखता है और इस पर क्या कार्रवाई करता है। गोडसे को देशभक्त बताने पर प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें दिल से माफ न करने की बात कहीथी। हालांकि ऐसे प्रकरणों में मन की बात नहीं कानून की किताब के मुताबिक चला जाता है। अगर तब सत्तारुढ़ भाजपा ने अपनी सांसद के खिलाफ कोई कड़ा कदम उठाया होता, तो शायद वे ऐसे बयान देने से आइंदा परहेज करतीं। मगर भाजपा ने दिल से माफ न करने वाली बात से ही काम चला लिया और अब मंच से खुलेआम उसकी सांसद आत्मरक्षा के नाम पर हिंसा की बात कर रही हैं। क्या भाजपा सांसद को इस देश की पुलिस और न्यायपालिका पर यकीन नहीं है कि किसी के साथ अन्याय होने पर कानूनन इंसाफ दिलाने की प्रक्रिया होगी या फिर बदले की कार्रवाइयों से अन्याय का हिसाब-किताब होने को वे सही मानती हैं। अगर ऐसा है तो फिर देश की संसद में वे किसलिए पहुंची हैं। और भाजपा ने उन्हें किस मकसद से चुनाव में उम्मीदवार बनाया था। क्या भाजपा का मकसद केवल हिंदुत्व के नाम पर वोट बटोरने और लोकसभा में संख्या बढ़ाने का था। अगर हां, तो फिर उसका क्या नतीजा निकल रहा है, ये भाजपा के शीर्ष नेतृत्व को देखना चाहिए। मध्यप्रदेश कांग्रेस का कहना है कि केंद्र सरकार को प्रज्ञा सिंह ठाकुर के खिलाफ राजद्रोह का मामला दर्ज करना चाहिए। लेकिन मध्यप्रदेश भाजपा का कहना है कि प्रज्ञा ठाकुर का बयान किसी धर्म से जुड़ा नहीं, बल्कि सभी बहन, बेटियों की आत्मरक्षा और मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ा है। भाजपा उनके बचाव में चाहे जो तर्क दे, उनके भाषण और तेवर देखकर समझना कठिन नहीं है कि यह किसी धर्म के खिलाफ था या नहीं। भाजपा की प्रतिक्रिया ने बता दिया कि वह प्रज्ञा सिंह ठाकुर के बयान पर कोई कार्रवाई नहीं करेगी।

# जीवन में बड़ा लक्ष्य लेकर चलें तभी लाएँगे सार्थक परिणामः संजय नेताम

**संवाददाता हेमचंद नागेश**

गरियाबंद । क्षेत्र ग्राम पंचायत नागाबुड़ा में स्टार युवा क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित




क्षेत्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम जिला पंचायत उपाध्यक्ष संजय नेताम के मुख्य आतिथ्य एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता युगल पाण्डे की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। अतिथियों के ग्राम नागाबु?ा पहुँचने पर आयोजक समिति और ग्रामवासियों ने भव्य रूप से बाजे गाजे और फूलमालाओं के साथ अभूतपूर्व स्वागत किया। इस दौरान अतिथियों ने विजेता,उपविजेता व अच्छे प्रदर्शन करने वाले अन्य प्रतिभागी खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया।फाइनल मुकाबले में आमदी की टीम ने खुटगांव टीम को रोमांचक मुकाबले में 1 रन से हराकर इस प्रतियोगिता पर विजय हासिल की। इस मौके पर मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष संजय नेताम ने सभी खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए खेल को निरंतर बढ़ावा देने की बात कही। उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे प्रयासों से ही हम धीरे-धीरे बड़े लक्ष्यों की ओर अग्रसर होते हैं। जीवन में हमेशा बड़ा लक्ष्य लेकर चलेंगे तभी सार्थक परिणाम मिलेगा। अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ कांग्रेस नेता युगल पाण्डे ने कहा कि इस खेल प्रतियोगिता में जहां खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का मौका मिलेगा तो वहीं इस प्रतियोगिता के जरिए खिलाड़ियों को अपना हुनर दिखाने का भी मौका मिलेगा। जो जितना अधिक प्रयत्न करेगा उसे उतना अधिक उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त होगा।

विशिष्ट अतिथि असगंठित क्षेत्र कामगार कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सुरेश मनिकपुरी ने प्रदेश सरकार द्वारा चलाये जा रहे राजीव युवा मितान क्लब की सराहना करते हुए कहा कि राजीव युवा मितान क्लब के माध्यम से युवा साथी हमारे प्राचीन और परंपरागत खेलों को भी बढ़ावा दे रहे हैं जिससे शासन की मंशा सार्थक हो रही है। युवाओं को क्रिकेट के साथ साथ पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने आगे बढ़कर आना चाहिए। इस अवसर पर सरपंच खम्मन सिंह दाऊ,उपसरपंच पप्पू साह, चंद्रशेखर यादव,गणेश ध्रुव,नवेंद्र साहू,अंगेश्वर योगी, राजू चौहान,कामता दीवान,कृपदास कुर्रे,वरुण सेन,तारेंद्र दीवान, कृष्णा दीवान,रैनसिंह ध्रुव,डोमेश देवांगन,फलेश ध्रुव, चोवाराम मरकाम सहित ग्रामवासी व खिलाड़ियों की उपस्थिति रही। आभार प्रकट उपसरपंच पप्पू साहू ने किया।



# भाजपा के वरिष्ठ नेता श्री मोहन सिंह राठौड़ का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया

विधानसभा भितरवार ग्राम करहिया में आगामी 05 जनवरी 2023 को चीनोर वाया करहिया, भितरवार रोड़ के कार्य प्रारंभ एवं धन्यवाद सभा की तैयारियों को लेकर आज ग्राम मैना आदिवासी दफाई पर सभी मित्रों , कार्यकर्ता एवं जनसेवक बंधुओं एवं ग्रामवासियो के साथ वरिष्ठ भाजपा नेता श्री मोहन सिंह राठौर जी आदिवासी भाई बहनों की बिजली, पानी, राशन आदि की समस्या को सुना एवं संबधित अधिकारियों से बात कर तत्काल ही समस्या का निराकारण कराया एवं करहिया रोड के स्वीकृत होने पर मध्य प्रदेश सरकार के यशस्वी मुख्यमंत्री माननीय शिवराज सिंह चौहान जी, परिवार के मुखिया एवं केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया जी, सांसद माननीय विवेक नारायण शेजवलकर जी प्रभारी मंत्री माननीय तुलसी सिलावट जी सहित वरिष्ठ नेतृत्व का आभार व्यक्त किया, कार्यकर्ताओं द्वारा रोड स्वीकृति हेतु किए गए अथक प्रयासों के लिए प्रतीक स्वरूप भाजपा के वरिष्ठ नेता श्री मोहन सिंह राठौड़ का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया! श्री मोहन सिंह राठौड़ जी द्वारा केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया के आगमन की त्यारियों में सभी ग्रामीणजन एवं जनसेवक साथियों ने ज्यादा से ज्यादा सख्या मे टैक्टर टाली, मोटरसाईकल एवं चार पहिया वाहनों से पहुंचने का संकल्प लेकर धन्यवाद सभा मे पहुंचने का आग्रह किया। इस अवसर पर जनपद सदस्य श्री लल्ला कुशवाह जी, श्री भीकम सिंह जाट जी, श्री सन्नी सरदार जी, श्री अमित पवैया जी, श्री जयवीर सिंह जाट जी, श्री सतनाम सिंह सरदार जी, श्री युवराज सिंह सरदार जी, श्री महेश आदिवासी जी, श्री बल्लू बसकार जी, श्री नीरज आदिवासी जी, श्री संजय आदिवासी जी एवं समस्त कार्यकर्ता बंधु एवं जनसेवक साथी उपस्थित रहे।

# नगर परिषद का डोर टू डोर प्रारंभ हुआ स्वच्छता जागरूकता अभियान

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

**बालाघाट।** नगर परिषद लांजी एवं मोस्ट मध्य प्रदेश संस्था के सयुक्त समन्वय से नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती रेखा ताराचंद कालबेले, उपाध्यक्ष संदीप कुमार रामटेककर एवं वार्ड न.6 पार्षद तेजेस्वरी गोधूले की उपस्थिति में स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 के अंतर्गत लांजी नगर परिषद के समस्त वार्ड में जन जागरूकता कार्यक्रम को लेकर 29 दिसंबर को मोस्ट संस्था के सर्वेकर्ता एवं नगर परिषद के वार्ड प्रभारियों के द्वारा वार्ड क्रमांक 6 एवं 7 में डोर टू डोर संपर्क कर सुखा कचरा एवं गीला कचरा के अलग अलग सुरक्षित निपटान को लेकर जन जागरूकता के उद्देश्य को लेकर वार्डो के प्रत्येक घर में जाकर निवेदन किया जा रहा हैं। साथ ही सुखा कचरा एवं गीला कचरा का नीले एवं हरे बाल्टी में सुरक्षित संग्रहण कर उसका निपटान नगर परिषद के कचरा वाहन में ही करने की समझाइश दी गई है, जिससे कि गंदगी होने से बचेगी। लोगो को सर्वेकर्ता द्वारा समझाया जा रहा हैं कि खुले में मल मूत्र का त्याग ना करे तथा व्यक्तिगत एवं सार्वजनिक शौचालय का ही प्रयोग करें, तथा घरों से निकलने वाला दैनिक कचरा भी झाड़ू लगाकर नाली में ना डाले उसका सुरक्षित निपटान के लिए कचरा गाड़ी



का ही उपयोग करें। वार्ड एवं नगर को स्वच्छ बनाएं जिससे स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में लांजी नगरी निकाय को अच्छा स्थान प्राप्त हो जिससे लांजी नगर स्वच्छ एवं सुंदर बने, साथ ही सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नही करने हेतु लोगों को जागरूक करने के लिए प्रचार सामग्री का भी उपयोग किया गया। उक्त कार्यक्रम में मोस्ट मध्यप्रदेश संस्था के सर्वेकर्ता, नगर परिषद के स्वच्छता शाखा प्रभारी संतोष भार्गव, स्वच्छता शाखा सहायक उत्तम रामटेककर एवं नगर परिषद के वार्ड प्रभारी बिहारी महोबिया, रमेश आसटकर उपस्थित रहे।

**न प अध्यक्ष श्रीमती रेखा ताराचंद कालबेले, उपाध्यक्ष संदीप रामटेककर एवं समस्त पार्षदों ने की अपील**–नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती रेखा ताराचंद कालबेले , उपाध्यक्ष संदीप कुमार रामटेककर एवं समस्त वार्ड पार्षदों ने वार्ड एवं नगर वासियों से अपील किया हैं कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 प्रारंभ हो चुका हैं, जिसमें लांजी नगर को आप सभी के सहयोग से बेहतर प्रदर्शन कर अच्छा स्थान प्राप्त करना हैं जिस हेतु आप से अपील की जा रही हैं की सुखा कचरा एवं गीला कचरा नीले एवं हरे बाल्टी में ही डाले एवं सुरक्षित निपटान के लिए न प की कचरा गाड़ी में ही डाले जिसे कचरे का सुरक्षित निपटान हो सके, साथ ही सिंगल यूज पालस्टिक का उपयोग ना करे, और लांजी नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करें।



## महिला नगर कांग्रेस कमेटी की बैठक संपन्न

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे बालाघाट**

आगामी विधानसभा चुनाव धीरे धीरे नजदीक आ रहा है और इसी के चलते अब राजनीतिक दल के विभिन्न संगठन बैठकें आयोजित कर रहे हैं। नगर के एफ एंड डी रेस्टोरेंट में स्थित सभागार में महिला नगर कांग्रेस कमेटी लांजी में बैठक की गई। यह बैठक विधानसभा चुनाव के मद्देनजर तथा संगठन विस्तारीकरण को लेकर रखी गई थी। इसमें चुनाव से संबंधित रणनीति पर विचार विमर्श किया गया। बैठक की अध्यक्षता महिला ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष श्रीमती ममता प्रविण दुबे ने की।

**जुमलेबाजी की सरकार को बाहर का रास्ता दिखाने का समय आ गया - प्रीती प्रमोद अग्रवाल उपाध्यक्ष**–महिला नगर कांग्रेस कमेटी की उपाध्यक्ष प्रीती प्रमोद अग्रवाल ने कहा कि महिला संगठन को आज नई जिम्मेदारी दी गई है कि संगठन को किस तरह से आगे लेकर जाएं। हमारे द्वारा प्रतिमाह बैठक आयोजित कर विविध विषयों पर चर्चा की जाती है। वर्तमान में मध्यप्रदेश से भाजपा सरकार का जाना तय है। जुमलेबाजी की सरकार को बाहर का रास्ता दिखाने का समय आ गया है। हमारी महिला कार्यकर्ता पूरी ऊर्जा के साथ तैयार है। और जिन महिलाओं को नई जिम्मेदारी दी गई है वे पुर्ण निष्ठा के साथ कार्य करेंगी।

**इनकी रहीं गरिमामई उपस्थिति**–इस दौरान महिला नगर कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष श्रीमती ममता प्रविण दुबे, पुर्व जिला पंचायत सदस्य श्रीमती मनीषा रविन्द्र धारणे, संगठन सचिव श्रीमती दुर्गा सुरेन्द्र बडघैया एवं इशा सौरभ पशीने, उपाध्यक्ष श्रीमती प्रीति प्रमोद अग्रवाल एवं श्रीमती पूनम शरद आसटकर, सचिव श्रीमती ज्योति महेंद्र सोनवाने, सपना अनुराग पशीने एवं श्रीमती रेखा शुक्ला, सहसचिव श्रीमती तेजेश्वरी गोदूले, श्रीमती मनीषा श्रीवास्तव, महामंत्री श्रीमती स्मिता राउत एवं श्रीमती सुमिता रणदिवे, कोषाध्यक्ष अफसाना सिद्दीक अंसारी पुर्व पार्षद, संगठन मंत्री श्रीमती रेखा शुक्ला एवं श्रीमती ज्योति सतीश चौरवाड़े एवं महिला कांग्रेस कमेटी के सदस्य उपस्थित रहे।

# राजीव गांधी स्मृति जन चिकित्सालय में विधायक श्री उमाकांत शर्मा ने डिजीटल एक्स रे मशीन का किया लोकार्पण

### 18 लाख रुपए कीमत की 500एमए की ×-रे मशीन की सौगात मिली, भगवान के बाद डॉक्टर की स्तुति और वंदना की जाती है: विधायक उमाकांत शर्मा

**पुष्पांजलि टुडे रिपोर्टर**
**अभिषेक कुशवाह**

**सिरोंज।** भगवान के बाद अगर किसी की स्तुति वंदना की जाती है तो डॉक्टर की जाती है। और डॉक्टर के ही समान कंपाउंडर नर्सिंग स्टाफ बी उतने ही सम्माननीय होते हैं। मैंने अस्पतालों में देखा है की मरीज का उपचार करने के लिए सीनियर से सीनियर डॉक्टर भी अपनी हालत की चिंता किए बगैर दौड़ भाग कर बीमारों का इलाज करते हैं और उनकी चिंता करते हैं। यह बात विधायक उमाकांत शर्मा ने राजीव गांधी स्मृति जन चिकित्सालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कही। 18 लाख रुपए कीमती अस्पताल में 500एमए की ×-रे मशीन का लोकार्पण करने पहुंचे विधायक जी शर्मा ने मंच से उद्बोधन देते हुए बताया कि डिजिटल मशीन से एक्स-रे की जरूरत पड़ती थी तो क्षेत्र के लोगों को विदिशा या भोपाल जाना पड़ता था। इस समस्या को लेकर लंबे समय तक कलेक्टर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को अवगत कराया, तब यहां के लिए डिजिटल मशीन सामाजिक संस्था द्वारा प्रदान कराई गई। विधायक श्री शर्मा ने मंच से ही कोविड संक्रमण को लेकर भी लोगों से सचेत रहने की अपील की। अस्पताल परिसर में अब सफाई स्वच्छता नजर आती है इसलिए उन्होंने अस्पताल को स्वच्छ बनाए रखने के लिए नगर पालिका परिषद



और अमला की प्रशंसा की। बीएमओ डॉ. अमित भेदिया ने बताया कि अस्पताल के लिए 500एमए की ×-रे मशीन की सौगात मिली है। डिजिटल मशीनों की कीमत 18 लाख रुपए है। वहीं मशीनें चालू कराने के लिए विधायक श्री उमाकांत शर्मा जी द्वारा विधायक निधि से भी 80 हजार रूपए दिए गए हैं। कार्यक्रम के दौरान मंच पर वरिष्ठ भाजपा नेता महेंद्र सिंह दांगी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष दरियाव सिंह कुर्मी, नगर पालिका अध्यक्ष मनमोहन साहू, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा हमीर सिंह यादव, नगरपालिका उपाध्यक्ष मनोज शर्मा, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष शशि राकेश शर्मा, जिला पंचायत सदस्य मंजू नीलम यादव, पदम ताम्रकार, सुमन लता चौरे, मंडल अध्यक्ष चरण सिंह राजपूत, बीएमओ डॉ अमित भेदिया सहित बड़ी संख्या में अस्पताल स्टाफ और नागरिक मौजूद थे।

**विधायक निधि से दिए 80 हजार रुपए**–विधायक श्री शर्मा ने कहा कि कुछ दिन पूर्व वे अस्पताल की व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने पहुंचे थे। उस दौरान जानकारी मिली थी कि एक्स रे मशीन आ तो गई, लेकिन चालू नहीं हो सकीं। चालू होने में खर्च आ रहा है। तत्काल विधायक निधि से 80 हजार रुपए देकर व्यवस्था को शुरू कराया।

**सिर्फ भवन बन जाने से सुविधाएं नहीं मिलती, उनमें संसाधन और अन्य व्यवस्थाओं की भी पूर्ति कराना जरूरी**–भारतीय जनता पार्टी जिला महामंत्री बलवीर रघुवंशी ने कहा कि सिर्फ भवन बन जाने से सुविधाएं नहीं मिलती, उनमें संसाधन और अन्य व्यवस्थाओं की भी पूर्ति कराना जरूरी है। मध्यप्रदेश में 2003 में जब भाजपा की सरकार बनी थी तो कई जगह स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए भवन तक नहीं बने थे, सड़कें तक नहीं थीं, और जहां जैसे तैसे भवन बन भी गए थे तो उनमें सुविधाएं नहीं थीं, लेकिन जब भाजपा सरकार बनी तो अपने 19 साल में सुविधाएं और संसाधन जुटाए। पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष रमेश यादव ने बताया कि सिरोंज में अस्पताल भवन तो बन गया था लेकिन ना यहां एप्रोच मार्ग था और ना ही यहां अन्य चिकित्सकीय उपकरण थे। स्वर्गीय श्री लक्ष्मीकांत शर्मा द्वारा यहां पर चिकित्सकीय उपकरण सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई गई।

## मालनपुर सरकारी अस्पताल के पीछे खड़ी झाड़ियों की नहीं हुई सफाई मरीज परेशान

**मालनपुर संवाददाता पुष्पांजलि टुडे**
**पहलवान सिंह राजावत**





मालनपुर स्वास्थ्य केंद्र को बने हुए पिछले लगभग 3 वर्ष हो चुके हैं मगर बिल्डिंग की पीछे खड़ी झाड़ियों की अभी तक सफाई ही नहीं हुई है जिससे मरीजों को परेशानी का सामना उठाना पड़ रहा है जबकि मालनपुर नगर परिषद बन जाने के बावजूद भी सरकारी अस्पताल में सफाई की तरफ किसी भी अधिकारी एवं नगर परिषद अध्यक्ष का ध्यान नहीं गया जबकि महीने में नगर परिषद कर्मचारी एवं अध्यक्ष का कई बार आना जाना होता है मरीजों का कहना है कि रात के समय डर जाता रहता है कि झाड़ियों से जायरीले जानवर कुत्ते एवं चोरी का डर सताता रहता है बता दें कि अस्पताल में जादा तर महिला रहती है सभी महिलाएं ने बताया है हमको डर डर रात गुजारनी पड़ती है सफाई हो जाने से आराम से रुक और सो सकते है।

### इनका कहना है

अनुसूचित जनजाति के जिला उपाध्यक्ष मुकेश सिंह जाटव ने कहा है कि हम नगर परिषद अध्यक्ष से बात करेंगे और सफाई करवाएंगे। नगर परिषद अध्यक्ष रायश्री जाटव का कहना है हमे आपके द्वारा जानकारी मिली है हम जल्द अस्पताल परिसर की सफाई एवं झाड़ियों को कटवाई जाएगी।

# नक्सल प्रभावित क्षेत्र में विशेष सहयोगी दस्ता पद के लिए बढ़चढ़कर आवेदकों ने दिया आवेदन

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे बालाघाट**

पुलिस मुख्यालय भोपाल से बालाघाट, मंडला एवं डिंडोरी जिले के लिए विशेष सहयोगी दस्ता की खड़ी भर्ती करवाई जा रही है। इस भर्ती में आवेदन 6 दिसंबर से शुरू हो गए थे जो कि 28 दिसंबर तक जारी रहे। इस भर्ती हेतु आवेदन बालाघाट जिले की लांजी, बहेला, किरनापुर, बैहर, परसवाड़ा और बिरसा थाना में इसके साथ ही एसपी कार्यालय में भी आवेदन जमा किया गया। विशेष सहयोगी दस्ता पद के लिए बालघाट जिले में कुल 80 पद है। बता दे कि इस भर्ती प्रक्रिया में कोई परीक्षा नहीं होगी, केवल 16 सौ मीटर की दौड़ होगी, जिसे 10 मिनट के अंदर खत्म करना है। अगर कोई 10 मिनट ज्यादा का वक्त लेता है तो वह अपात्र हो जायेगा। इसके साथ ही उक्त व्यक्ति को मेडिकल प्रक्रिया से भी गुजरना होगा।

**लांजी में 1802 एवं बहेला में 66 आवेदकों ने दिया आवेदन**–विशेष सहयोगी दस्ता की खड़ी भर्ती के लिए लांजी थाने में 1802 और बहेला थाने में 666 आवेदकों ने आवेदन जमा किया हैं। जिसमें महिला एवं पुरुष दोनों वर्ग सम्मिलित हैं। ज्ञात हो कि प्रतिदिन लांजी थाने में आवेदन करने के लिए आवेदकों की भीड़ लगी रहती थी। वहीं अब सुबह शाम मैदानों में युवा शारीरिक रूप से अपने आप को मजबूत कर रहे हैं।

**नक्सल प्रभावित क्षेत्र के निवासियों को दी जाएगी प्राथमिकता**–बता दे कि विशेष सहयोगी दस्ता पद के लिए जो भर्ती हो रही है वह नक्सल प्रभावित जिले, क्षेत्र के लिए खास तौर पर हो रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह भर्ती नक्सल प्रभावित क्षेत्र निवासियों की भर्ती हेतु संबंधित जिले के पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में भर्ती समिति गठित की जावेगी, जिसमें संबंधित क्षेत्र के जनपद सीईओ एवं रक्षित निरीक्षक सदस्य रहेंगे। भर्ती समिति बालाघाट जिले के विभिन्न जनपदों में जाकर जनपद स्तर पर चयन हेतु पात्र अभ्यर्थियों का चयन करेंगे।

**शारीरिक परीक्षा और साक्षात्कार करके होगी भर्ती**–उक्त तीनों जिलों के नक्सल प्रभावित विकासखण्डों के मूल निवासियों के आवेदकों की न्यूनतम अर्हता की मार्कशीट के अंकों के आधार पर प्रावीण्य सूची चयन समितियों द्वारा तैयार की जावेगी, जो निर्धारित संख्या से तीन गुना तक होगी। शैक्षणिक अंकों के आधार पर प्रावीण्य सूची का उपयोग अभ्यर्थियों की केवल शॉर्ट लिस्टिंग के लिये होगा तथा उसके अंक चयन सूची में शामिल नहीं होंगे। नियुक्ति पूर्व अभ्यर्थियों का पुलिस द्वारा चरित्र सत्यापन किया जायेगा। इसके साथ ही शारीरिक परीक्षा के 80 अंक तथा साक्षात्कार के 20 अंक निर्धारित होंगे। शारीरिक परीक्षा तथा साक्षात्कार के आधार पर जिलावार आरक्षणवार चयन सूची तैयार कर चयनित अभ्यर्थियों को सूचित किया जायेगा। इसके बाद नियुक्त सहयोगियों का आर.ए.पी.टी.सी. इंदौर, हॉक फोर्स बालाघाट, प्रशिक्षण शालाओं तथा संबंधित जिलों की पुलिस लाईन में 03 माह का प्रशिक्षण कोर्स आयोजित किया जावेगा।

**विशेष सहयोगी दस्ता के ये होगे कार्य**–मध्य प्रदेश पुलिस विनियम के तहत विशेष सहयोगी दस्ता की भर्ती होगी। इसमें चयनित अभ्यर्थियों का कार्य नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में गश्ती दल, कानून व्यवस्था ड्यूटी, थाना रिजर्व बल, रात्रिकालीन गश्त, चालक ड्यूटी, फिक्स पिकेट, गार्ड ड्यूटी, आसूचना संकलन का कार्य होगा।

## स्व सहायता समूह के दीदीयों ने जनपद पंचायत में आहुत की बैठक

**रितेश कटारे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे बालाघाट**

जनपद पंचायत लांजी के बीआरजीएफ भवन में स्व सहायता समूह की दीदीयों के द्वारा विभिन्न समस्याओं को लेकर विशेष बैठक का




आयोजन किया गया। बैठक में प्रमुख रूप से दिनेश लांडे निर्माण समिति सभापति एवं रेवाजी करहाटकर सभापति स्वास्थ्य महिला एवं बाल विकास प्रमुखता से उपस्थित रहे। बैठक में प्रमुखता से चर्चा हुई कि विगत दिनों से सहायता समूह की कुछ दीदीयों के द्वारा जिला पंचायत सदस्य श्रीमती ज्योति ईश्वर उमरें के नेतृत्व में आजीविका मिशन विकासखंड में पदस्थ नोडल अधिकारी दिनेश साहू के स्थानांतरण को लेकर शिकायत की गई थी, जिसे आज की बैठक में उपस्थित दीदियों के द्वारा झूठी और निराधार बताया गया। इसे विभागीय कोप भाजन एवं षड्यंत्र का परिणाम बताया। इसके विपरीत नोडल अधिकारी दिनेश साहू को उच्च मार्गदर्शक व्यावहारिक एवं सहयोगी बताया। गौरतलब होगा कि इस समस्या का हल किस प्रकार निकलता है। इसके अलावा बैठक में मध्यान्ह भोजन बना रहे 34 समूहों को बंद किया जाना भी चर्चा का विषय रहा।

# 31 दिसंबर को वनांचल क्षेत्र मैं वनयात्रा कर महावीर इंटरनेशनल टीम करेगी रह्वासियों से भेंट

### कम्बल, नवीन वस्त्र, स्कूल शिक्षण सामग्री करेंगी वितरण

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे बालाघाट**

महावीर इंटरनेशनल रीजन-9 एवं महावीर इंटरनेशनल लांजी के डिप्टी डायरेक्टर चेयरमेन लांजी विशाल राउत खोंगल ने बताया कि लांजी क्षेत्र के अति घनघोर वनांचल क्षेत्रों में वनयात्रा कर वहां पर रहने वाले स्थानीय नागरिकों से संपर्क कर उनकी समस्याओं से अवगत होगा और महावीर इंटरनेशनल लांजी के माध्यम से शिक्षा, स्वास्थ्य ,रोजगार, महिला सशक्तिकरण ,कृषि पर आधारित जो सहायक संभव हो सके मदद करने का प्रयास करेगा। स्थानीय आदिवासी भाई बहनों के समस्याओं से अवगत होगा और कोशिश करेगा कि उनकी जो भी समस्या हो उसे समाधान करने में महावीर इंटरनेशनल लांजी प्रयास किया जाएगा। हमारा जीवन एक अनमोल जीवन है इसलिए अपने जीवन में एक अच्छा लक्ष्य बनाए और उसे प्राप्त करने की कोशिश करें। इसे व्यर्थ की बातों में बर्बाद न करें। वर्षों बीत जाने के बाद भी हमें बार-बार इन वनवासी भाई बहनों के लिए योजना और उसे क्रियान्वित करने के सारे प्रयास किए गए पर पता नहीं किन कारणों से उसकी सफलता के रास्ते पर असफलता का प्रश्नचिन्ह लग जाता है। विशाल खोंगल ने सभी को मिलकर ऐसा प्रयास करने कहा कि वन ग्रामों में रहने वाले लोगों को और स्थानीय आसपास के लोगों को किसी भी माध्यम से स्वरोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और मूलभूत संसाधनों से जोड़कर उनके अधिकारों से अवगत करा कर उन्हें सक्षम सबल और आत्मनिर्भर बनाएं। हमारा यह प्रयास आज के परिवेश में जहा देश , प्रदेश को सक्षम और आत्मनिर्भर बनाने के प्रयास हो रहे हैं, उसी दिशा में आइए हम एक प्रयास करें वन ग्रामों, एवं गांवों में रहने वाले आदिवासी परिवार उच्च शिक्षा प्राप्त कर और अपने स्वास्थ्य और अधिकारों के प्रति सजग होकर आगे बढ़े ताकि कहीं भी उन्हें किसी भी व्यक्ति की सहयोग और परोपकार की आवश्यकता और सहायता की जरूरत ना पड़े। स्वयं सफल होकर अपने अधिकारों से लड़े ,आगे बढ़े। इसी कड़ी में महावीर इंटरनेशनल लांजी के द्वारा 31 दिसंबर दिन शनिवार को महावीर सेवा के माध्यम से सभी सदस्यों के सहयोग से साथ मिलकर वन ग्राम धीरी मुरूम ,बोदादलखा, और वन



ग्राम स्थित माता का मंदिर स्थल माताघाट मे चुनरी च?ा पूजा अर्चना की जाएगी और वन ग्राम के अंदर ही कमानघाट संत पीर बाबा की मजार पर चादर चढ़ाई जाएगी और क्षेत्र के अंदर छोटी-छोटी बस्तियों में जाकर इस कड़कती ठंड में कंबल का वितरण, साथ ही नन्हे मुन्ने अध्ययनरत बच्चों के लिए स्कूल की सामग्री कॉपी किताब, पेंसिल ,बुक्स और उनकी आवश्यकता अनुसार उन्हें जो शिक्षा से संबंधित सामग्री है उपलब्ध कराई जाएगी तथा नए वर्ष के आगमन पर नन्हे मुन्ने बच्चे उन्हें नए वस्त्र, ठंड के कपड़े का वितरण भी किया जाएगा। वही महावीर इंटरनेशनल के द्वारा समस्त ग्रामीणों के साथ बहनों के साथ बैठकर विचार विमर्श करेंगे। विचारों का आदान प्रदान करेंगे और साथ में बैठकर भोजन कर सुख दुख में साथ निभाने का वादा करेंगे। महावीर इंटरनेशनल ने सभी मित्रों से और स्थानीय लोगों से निवेदन किया है कि नव वर्ष का स्वागत कर अब नव निर्माण की सोच रख इस यात्रा में शामिल होकर वर्षों से वनों में निवासरत आदिवासी भाइयों , बहनों के विषय पर साथ मिलकर विकास की अवधारणा से जोड़े।

# ज्ञानी ना बनो तो चल जाएगा, लेकिन ध्यानी जरूर बनोः पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री

## वृद्ध आश्रम पहुंच वृद्ध जनों से पंडित धीरेन्द्र शास्त्री जी ने लिया आशीर्वाद,दिया कथा में आने का निमंत्रण, श्री राम के विवाह में झूम कर नाचे भक्त, जमकर हुई फूलों की वर्षा एवं आतिशबाजी

**पुष्पांजली टुडे**

दमोह। स्थानीय होमगार्ड मैदान पर 24 दिसंबर से 9 दिवसीय श्री राम कथा का आयोजन चल रहा है। जहां पर



श्री बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर परम पूज्य गुरुवर पंडित श्री धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री जी महाराज के मुखारविंद से श्री राम कथा की रस वर्षा हो रही है। कथा संयोजक विधायक अजय टंडन ने बताया कि श्री राम कथा के छठवें दिन गुरुवार को श्री राम एवं मां जानकी के विवाह उत्सव की कथा भक्तों को श्रवण कराई। इस दौरान मौजूद करीब दो लाख भक्त गणों में से अधिकांश लोग पीले वस्त्र पहने हुए थे। जिन्होंने झूमकर नृत्य किया और जय श्री राम के जैसे ही जयकारे लगाए तो समूचा पंडाल जयकारों से गुंजायमान हो गया। शास्त्री जी ने श्री राम कथा के दौरान कहा कि दमोह में जब से श्री राम कथा का आयोजन चल रहा है पूरा नगर अयोध्या की तरह राममय हो गया है। जहां से भी बाहर निकल रहे हैं, चारों ओर मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जयकारों की गूंज सुनाई दे रही है। निश्चित रूप से इससे बड़ा एक और इतिहास दमोह ने रच



दिया है कि 300 से अधिक हमारे जो सनातनी भाई ईसाई बन गए थे, अब वह वापस सनातन धर्म मैं वापस आ गए हैं यह हम सब के लिए गर्व की बात है। गुरुजी ने छठवें दिन संदेश देते हुए कहा कि आप ज्ञानी ना बनो तो चल जाएगा लेकिन ध्यानी जरूर बनना चाहिए, जिससे परमात्मा का ध्यान रहेगा। उन्होंने कहा कि जब मन मंदिर हो जाता है तो ईश्वर को अपने आप प्रकट होना पड़ता है। उन्होंने कहा कि कृपा की ताकत बहुत ही बड़ी और अद्भुत होती है। उन्होंने कहा कि पुस्तक पड़ कर उस पर ध्यान लगाने से सब कुछ होता है। उन्होंने श्रीरामचरितमानस को लेकर कहा कि जो स्वयं बंधन में बंधा हुआ हो वह किसी और को मुक्त नहीं कर सकता। लेकिन सब के बंधन को केवल श्री रामचरितमानस मुक्त कर सकती है। जो व्यक्ति मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम का व श्री हनुमान जी का स्मरण करते हैं उनके भी बंधन खुल जाते हैं। उन्होंने गुरु शिष्य के बारे में बताया कि शिष्य का स्वभाव गुरुवर से मिलना चाहिए, जिससे लगे कि यह गुरुवर के शिष्य अर्थात बागेश्वर धाम वाले हैं। उन्होंने कहा कि जिसे मानते हो उसको चरित्र में उतारना प्रारंभ करो। उन्होंने श्रीरामचरितमानस का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत में प्रत्येक व्यक्ति को रामायण पड़ने की आवश्यकता है। जो व्यक्ति रामायण पड़ेगा वह जीना सीख जाएगा। गुरुजी ने अन्य समाज के लोगों से भी श्री रामचरितमानस पाठ पड़ने का आग्रह किया।



श्री बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने बताया कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का तीन प्रकार से विवाह हुआ है। राम जी का पहली बार विवाह वाटिका में, दूसरी बार धनुष तोड़ते समय और तीसरी बार जनकपुरी में विवाह हुआ। उन्होंने धनुष तोड़ने के दौरान की कथा सुनाई और कहा कि कई देशों के राजा धनुष तोड़ने के दौरान मौजूद रहे, लेकिन कोई भी राजा पिनाक धनुष को उठा तक नहीं पाया। धनुष उठाने के लिए वीर नहीं रघुवीर की आवश्यकता थी और रघुवीर ने मध्य में सबसे पहले गुरु जी को प्रणाम किया और फिर धनुष की परिक्रमा की बाद में उन्होंने भवन के मध्य में पलक झपकते ही पिनाक धनुष को अपने हाथों में उठाया और भवन के मध्य में तोड़ दिया। शास्त्री जी ने मध्य शब्द को लेकर भी कई तरह से कथा का विस्तार से वर्णन किया।

**श्री शिव शनि हनुमान मंदिर में चल रहा पूजन**-श्री राम कथा में जितने भी यजमान बने हुए हैं वह श्री राम कथा पंडाल के पीछे स्थित श्री शिव शनि हनुमान मंदिर में नियमित रूप से पहुंचकर सुबह पूजन अर्चन कर धर्म लाभ ले रहे हैं। उसके बाद फिर श्री राम कथा में पुण्य अर्जित करने पहुंचते हैं।

**पीले वस्त्र पहनकर पहुंचे भक्तगण**-श्री राम विवाह की कथा को देखते हुए गुरुवार को सभी लोग पीले भक्त धारण करके कथा पंडाल में पहुंचे थे जिन्होंने श्री राम का जन्म होते ही झुमका नृत्य किया इस दौरान जमकर आतिशबाजी भी हुई और पुष्प वर्षा भी की गई।

# स्काई डाइविंग फेस्टिवल का दूसरा संस्करण 5 जनवरी से

## उज्जैन एयरस्ट्रिप पर 15 जनवरी 2023 तक लें रोमांच का अनुभव

**अनिल कुशवाह प्रभारी**
**पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी- मध्यप्रदेश में स्काई डाइविंग फेस्टिवल के दूसरे संस्करण की शुरुआत 5 जनवरी 2023 से उज्जैन के दताना एयरस्ट्रिप पर होने जा रही है। मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा प्रदेश में एडवेंचर टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए शुरू किए गए स्काई डाइविंग फेस्टिवल का समापन 15 जनवरी को होगा। प्रवासी भारतीय सम्मेलन, ग्लोबल इन्वेस्टर्स मीट एवं जी-20 सम्मेलन के लिए प्रदेश में मौजूद रहने वाले अतिथि भी इस एडवेंचर गतिविधि का आनंद ले सकेंगे। इसका संचालन ष्ठत्रष्ट एवं स्क्र प्रमाणित संस्था स्काई-हाई इंडिया द्वारा किया जा रहा है। स्काई डाइविंग करने का समय सुबह 8 से शाम 5 बजे तक है। बुकिंग पर की जा सकती है। प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति और प्रबंध संचालक, मप्र टूरिज्म बोर्ड श्री शिव शेखर शुक्ला ने कहा, स्काई डाइविंग फेस्टिवल का पहला संस्करण सफल रहा था। सभी बुकिंग स्लॉट बुक हो चुके थे। इसी को देखते हुए अब दूसरे संस्करण का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान उज्जैन में उच्च मानकों के साथ प्रशिक्षित कर्मियों की मदद से रोमांच प्रेमी स्काई डाइविंग का आनंद ले सकेंगे। वे 10 हजार फीट की ऊंचाई से महाकाल की नगरी को देखने का रोमांच प्राप्त करेंगे'।

# गरियाबंदः नाबालिक लड़की को बहला-फुसलाकर लेकर भागने वाला आरोपी गिरफ्तार

**संवाददाता हेमचंद नागेश**

**गरियाबंद।** प्रार्थी थाना उपस्थित आकर लिखित आवेदन पेश किया कि उसकी लड़की घर में नही है। उसको संदेह हैं की कोई अज्ञात



व्यक्ति उसकी लड़की को लेकर कही चला गया है। इस सूचना पर थाना सिटी कोतवाली में अपराध क्रमांक 344 / 2022 धारा 363 आईपीसी के तहत अपराध पंजीबद्ध कर वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित किया गया। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री अमित तुकाराम कामले ने यथाशीघ्र आरोपी पकड़ने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री चन्द्रेश सिंह ठाकुर और अनुविभागीय पुलिस अधिकारी श्री पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी के हमराह सहायक उप निरीक्षक खुमान लाल महिलांगे , प्रधान आरक्षक विजयलक्ष्मी व अन्य का विशेष टीम गठन किया गया। दौरान पतासाजी विशेष टीम को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई की आरोपी लड़की को लेकर कही बाहर भाग रहा है। इस सूचना पर मालगांव के पास आरोपी के कब्जे से लड़की को दस्तयाब किया गया। कड़ाई से पूछताछ करने पर लड़की को बहला फुसलाकर लेकर भागना स्वीकार किया। आरोपी के खिलाफ अपराध सबूत पाए जाने से आज दिनांक 28/12/2022 को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

**नाम आरोपी**- दीनानाथ उर्फ दिनेश कुमार चक्रधारी पिता बेदू राम उम्र 22वर्ष ग्राम बारूला गरियाबंद छतीसगढ़

# अमलीपदर क्षेत्र ग्राम ऊसरीजोर निवासी दिव्यांग खिरमन को बैटरी ट्राईसाईकिल मिलने से चेहरे पर आई मुस्कान

**संवाददाता हेमचंद नागेश**



**अमलीपदर**-गरियाबंद जिला मैनपुर-ब्लॉक नवीन तहसील कोर्ट ग्राम पंचायत उसरीजोर के दिव्यांग खिरमन यादव बहुत दिनों से बैटरी ट्राई साईकिल के लिए प्रयास कर रहे थे लेकिन उन्हें कोई जानकारी नहीं मिल पा रहा था सोशल मीडिया के माध्यम से उन्हें एक दिन दिव्यांगों की सेवा में समर्पित गरियाबंद जिले के समाजसेवी व इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी संरक्षक सदस्य मनोज पटेल से संपर्क हुआ उनके मार्गदर्शन से बैटरी ट्राईसाईकिल मिल पाया इन्होंने किया मदद गुतेश्वर यादव गोलू यदु लालू यादव रोहित यादव समाजसेवी मनोज पटेल गरीब दिव्यांग खिरमन ने समाज कल्याण विभाग गरियाबंद व सहयोगी साथियों का किया आभार।

# बाला प्रसाद ने स्थापित की जिले की प्रथम ऑवला प्रसंस्करण इकाई

**संभागीय ब्यूरो गौरीशंकर कुशवाहा की पुष्पांजलि टुडे की खबर**

पन्ना। पन्ना जिले में एक जिला-एक उत्पाद योजना में चयनित ऑवला एवं ऑवला उत्पाद को बड़ावा देने एवं प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से युवाओं को ऑवला प्रसंस्करण इकाई स्थापित करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा इस क्षेत्र में स्वरोजगार के इच्छुक उद्यमियों को आवश्यक सहयोग प्रदान करने की कार्ययोजना भी तैयार की गई है। साथ ही सफल उद्यमी बनने के लिए प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना में बैंक ऋण के माध्यम से 35 प्रतिशत अथवा अधिकतम 10 लाख रूपए का ब्याज अनुदान भी प्रदान किया जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा पन्ना के आंवला को जीआई टैग दिलाने के लिए भी प्रयास किया जा रहा है।

ग्राम मोहन्द्रा के कृषक बाला प्रसाद कटेहा ने योजना का लाभ लेकर मोहन्द्रा में श्री सिद्ध बाबा ट्रेडर्स नाम से जिले की पहली प्रसंस्करण इकाई शुरू की है। इसके माध्यम से ऑवला मुरब्बा, अचार, पाउडर, कैंडी इत्यादि तैयार करेंगे। बाला प्रसाद ने ग्राहकों तक उत्पाद की सुलभ उपलब्धता एवं बाजार में उत्पादों के विक्रय का प्लान भी बनाया है। इसके पहले कृषक बाला प्रसाद ने अपनी 2 हेक्टेयर जमीन में टिश्यू




कल्चर तकनीक अपनाकर अनार का बंपर उत्पादन भी किया है। अब भारतीय स्टेट बैंक मोहन्द्रा शाखा द्वारा स्वीकृत 4 लाख 30 हजार रूपए के लोन से आंवला प्रसंस्करण की यूनिट की स्थापना की है। 45 वर्षीय कृषक गत 5 जून को उत्तराखण्ड बस त्रासदी में अपने परिवार के सदस्यों को खो चुके हैं। इसके बावजूद दृड़ इच्छा शक्ति की बदौलत स्वरोजगार इकाई की स्थापना कर सफल उद्यमी एवं नवाचारी कृषक बनने का फैसला किया। उन्होंने कहा कि भविष्य में इसका विस्तार करेंगे एवं अन्य युवाओं को भी रोजगार प्रदान करेंगे। वे कहते हैं कि सभी पात्र युवाओं को सरकारी योजना की मदद से सफल उद्यमी बनने के लिए प्रयास करना चाहिए। कृषक बाला प्रसाद कटेहा ने सहायक संचालक उद्यान पी.के. श्रीवास्तव द्वारा यूनिट स्थापना के लिए विभाग से हरसंभव मदद के लिए आभार जताया। साथ ही शासन की इस महत्वांकाक्षी योजना की सराहना भी की। उनका कहना है कि पन्ना के ऑवला की ख्याति दूर-दूर तक है। अब आंवला उत्पाद के लिए भी पन्ना जाना जाएगा।




# आकांक्षा को दिव्यांग पेंशन स्वीकृत, आयुष्मान कार्ड भी बना

**संभागीय ब्यूरो गौरीशंकर कुशवाहा की पुष्पांजलि टुडे की खबर**

पन्ना - कलेक्टर श्री संजय कुमार मिश्र के निर्देश पर अजयगड़ विकासखण्ड के माखनपुर गांव की बिटिया कु. आकांक्षा लोध को प्रतिमाह 600 रूपए के मान से दिव्यांग शिक्षा प्रोत्साहन पेंशन स्वीकृत कर दी गई है। साथ ही आकस्मिक सहायता राशि भी प्रदान की गई। इसके अलावा आकांक्षा का आयुष्मान कार्ड भी तैयार कर प्रदान किया गया। गत दिवस चारा काटने की मशीन से बेटी आकांक्षा के दोनों हाथ कट गए थे। जिला अस्पताल में उपचाररत आकांक्षा का सिविल सर्जन की देखरेख में बेहतर उपचार होने से स्वास्थ्य में तेजी से सुधार हो रहा है। जिला कलेक्टर ने अवगत कराया कि पीड़ित बेटी एवं परिवार की हरसंभव मदद की जाएगी। आकांक्षा का पूर्व में दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी किया गया था। अब कृत्रिम अंग बनाने के लिए एलिम्को से भी संपर्क किया गया है।

# देवेंद्रनगर में सब्जी मंडी पास आए दिन लगता है जाम जिम्मेदार अधिकारी नहीं लेते संज्ञान

**घनश्याम शर्मा की पुष्पांजलि टुडे से खबर**



मामला पन्ना जिले के देवेंद्र नगर अंतर्गत सब्जी मंडी का है जहां पर 30 से 40 वर्ग फीट चौड़ी सड़क पर सड़क के दोनों किनारों पर जो दुकाने हैं सड़क का अतिक्रमण करके रखती हैं साथ ही वहीं पर सब्जियों की दुकानें लगाई जाती हैं जिससे सड़क पूरी तरह से दोनों ओर से उत्क्रमित हो जाती हैं और वाहनों को निकलने के लिए जान जैसी समस्या का सामना करना पड़ता है यदि प्रशासन इस पर संज्ञान ले तू सब्जी मंडी जहां पर स्थाई रूप से बनाई गई है वहां पर लगने लगेगी और व्यवस्थित तरीके से सड़क का अतिक्रमण हट जाएगा जिससे जाम की स्थिति नहीं बनेगी किंतु प्रशासन यदि संज्ञान ले तो ऐसी स्थितियों का सामना नहीं करना पड़ेगा लोगों द्वारा दुकानदारी करते समय वाहनों को सड़क पर खड़ा कर दिया जाता है जिससे पूर्णरूपेण जाम की स्थिति बन जाती है ऐसी स्थिति में प्रशासन को पुलिस प्रशासन की मदद लेकर ऐसी स्थिति से निपटा जा सकता है किंतु जिम्मेदार अधिकारी मौन रहते हैं।

# मैनपुर में शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा स्थापना दिवस पर वरिष्ठ कांग्रेसियों का किया गया सम्मान

## वरिष्ठ कांग्रेस नेता हेमसिग नेगी ने ध्वजारोहण कर कहा-कांग्रेस बलिदानों की पार्टी



**संवाददाता हेमचंद नागेश**

**मैनपुर**- तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर में आज बुधवार को शहर कांग्रेस कमेटी मैनपुर द्वारा कांग्रेस के स्थापना दिवस काफी धूमधाम के साथ मनाया गया और वरिष्ठ कांग्रेस नेता पूर्व प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि हेमसिंह नेगी ने कांग्रेस का ध्वजारोहण कर सलामी लिया,इस दौरान जिला पंचायत गरियाबंद के उपाध्यक्ष संजय नेताम, शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भोला जगत, आदिवासी कांग्रेस जिलाध्यक्ष खेदू नेगी,वरिष्ठ कांग्रेस नेता नीरज ठाकुर ,महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती प्रियंका कपिल, अमलीपदर अध्यक्ष श्रीमती ललिता यादव, कांग्रेस के महामंत्री गेंदु यादव युवा कांग्रेस अध्यक्ष शाहिद मेमन, सरपंच संघ गरियाबंद के जिलाध्यक्ष बलदेव राज ठाकुर, जनपद सदस्य डागेश्वर नेगी,मनोज मिश्रा एवं बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की छायाचित्र की पूजा अर्चना कर किया गया इस दौरान क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेस जनों का साल श्रीफल से सम्मान किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष संजय नेताम ने कहा कि कांग्रेस पार्टी महात्मा गांधी की पार्टी है व बलिदानों की पार्टी है देश की आजादी में कांग्रेस परिवार की आहुति नहीं भुलाया जा सकता, कांग्रेस के महापुरुषों ने देश हित के लिए अपने लहू का एक एक कतरा बहा दिया उनका यह बलिदान देश के एक-एक नागरिक सदैव याद रखेगा। शहर कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव ने कहा कि कांग्रेस देश की सबसे बड़ी पार्टी है जो देश हित के कार्यों के लिए सदैव समर्पित है और समर्पित रहेगी,। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से वरिष्ठ कांग्रेसी अशोक दूबे, बनसिंग सोरी, जन्मजेय नेताम,दामोदर सोरी,इम्तियाज़ मेमन, डोमार साहू, सावंत शर्मा,तनवीर राजपूत,हरिश्चर पटेल,जीवन यादव, महामंत्री नेहाल नेताम, राधा यादव,सिरमोतिन कश्यप, दयाराम यादव, राहुल यादव,नीरा कपिल,बृजलाल सोनवानी,अंथुनी भाई, सुखराम यादव, लोकनाथ साहू,सहित बड़ी संख्या में महिला, युवा एनएसुआई,कांग्रेस कार्यकर्ता पदाधिकारीगण, उपस्थित थे कार्यक्रम का संचालन महामंत्री गेन्दू यादव आभार प्रदर्शन शहर कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव ने किया।

# कलेक्टर ने जिला स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक में दिए निर्देश

**जगदीश पाल रिपोर्टर खनियाधाना**



**शिवपुरी।** कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक आज गुरुवार को जिला पंचायत सभागार में आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई जिसमें वित्तीय वर्ष 2022-23 के दिए गए लक्ष्य की प्रगति की समीक्षा की गई। विभिन्न योजनाओं के तहत हितग्राहियों को ऋण स्वीकृति के प्रकरण विभागों के माध्यम से बैंक को भेजे जाते हैं जिनमें बैंक को हितग्राहियों को ऋण उपलब्ध कराना है। कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों से जानकारी ली और बैठक में उपस्थित विभिन्न बैंक ब्रांच के प्रतिनिधियों को निर्देश दिए हैं। बैंकों के द्वारा समय सीमा में प्रकरण स्वीकृत किए जाएं और हितग्राहियों को ऋण उपलब्ध कराया जाए। यदि कोई हितग्राही अपात्र है या प्रकरण स्वीकृत करने योग्य नहीं है तो यह जानकारी भी समय सीमा में देना होगी अन्यथा संबंधित पर कार्यवाही होगी। अनावश्यक तौर पर हितग्राही परेशान नहीं होना चाहिए। बैठक में पशुपालन, कृषि, उद्यानिकी, मत्स्य, उद्योग, एनआरएलएम की योजनाओं सहित राजस्व विभाग द्वारा किसान हितग्राहियों के आधार लिंकिंग पर चर्चा की गई। उपरोक्त विभागों की स्वरोजगार मूलक योजनाओं में आर्थिक मदद के लिए हितग्राहियों द्वारा आवेदन दिए जाते हैं। यदि समय सीमा में बैंक के माध्यम से प्रकरण निराकृत नहीं होंगे और हितग्राहियों को राशि नहीं मिलेगी तो वह अपना काम समय पर शुरू नहीं कर सकेंगे इसलिए अनावश्यक तौर पर प्रकरण लंबित नहीं रहना चाहिए। बैंक और संबंधित विभाग के बीच आपसी समन्वय होना चाहिए। पशुपालन विभाग की योजनाओं की समीक्षा करते हुए कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने सभी विकासखंड के पशुपालन विभाग के चिकित्सकों को भी निर्देश दिए हैं कि जिले में नवाचार के तौर पर नेपियर ग्रास को बड़ाया जा रहा है। इसके लिए प्रयास किए जाएं। सभी इसमें रुचि लें और किसानों तक इसे पहुंचाएं। बैठक में आचार्य विद्यासागर योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, आधार लिंकिंग, पीएम स्वनिधि, सीएम स्वनिधि योजना, उद्यम क्रांति योजना आदि पर चर्चा की गई। बैठक में आरबीआई के क्षेत्रीय प्रबंधक और नाबार्ड के जिला प्रबंधक भी उपस्थित रहे।

# उर्फी शीजान खान को मानती हैं निर्दोश, दिया ये बयान



बिग बॉस ओटीटी फेम उर्फी जावेद अपने बेबाक अंदाज और अलग ड्रेसिंग सेंस के लिए जानी जाती हैं. एक्ट्रेस अक्सर सोशल मीडिया के जरिए अपनी बातों को अपने फैंस तक पहुंचाती हैं. हाल ही में ही उर्फी जावेद ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल से एक स्टोरी शेयर की है, जिसमें एक्ट्रेस तुनिशा शर्मा आत्महत्या मामले पर खुल कर बात करते हुए दिखाई दे रही हैं. 24 वर्षीय अभिनेत्री ने अपने टेलीविजन धारावाहिक अली बाबाः दास्तान-ए-काबुल के सेट पर को-एक्टर शीजान मोहम्मद खान के मेकअप रूम में फांसी लगा ली थी. ऐसी खबरें हैं कि शीजान, जो कथित तौर पर अभिनेत्री को डेट कर रहे थे, एक्ट्रेस के आत्महत्या करने के पीछे का कारण है. अब उर्फी ने उसी पर रिएक्ट किया है. दरअसल, आपको बता दें कि, कुछ समय पहले उर्फी ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर एक लंबा बयान शेयर किया था कि वह तुनिशा की मौत के बारे में क्या सोचती है और हर कोई इसके लिए शीजान को दोषी ठहरा रहा है. उर्फी के अनुसार, शीजान खान तुनिशा के साथ गलत हो सकता है, लेकिन तुनिशा की मौत का दोष उस पर नहीं मढ़ा जा सकता. उर्फी ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा, ÷तुनिशा के मामले में मेरे दो सेंट हैं,÷ हां, वह गलत हो सकता है, हो सकता है कि उसने उसके साथ धोखा किया हो लेकिन हम उसे तुनिषा की मौत के लिए दोषी नहीं ठहरा सकते. आप किसी को अपने साथ रहने के लिए मजबूर नहीं कर सकते, लड़कियों कोई भी आपके कीमती जीवन देने के लायक नहीं होता, एक्ट्रेस ने आगे कहा, कभी-कभी यह दुनिया के अंत की तरह लग सकता है, लेकिन मुझ पर विश्वास करें ये अंत नहीं है. फीं ने युवाओं से आग्रह किया कि वे उन लोगों के बारे में सोचें जो उनसे प्यार करते हैं या बस खुद को थोड़ा और प्यार करने की कोशिश करें. उन्होंने कहा, अपने खुद के हीरो बनो, उन्होंने कहा, कृपया थोड़ा समय दें. आत्महत्या के बाद भी पीड़ा समाप्त नहीं होती है, जो पीछे रह जाते हैं वे और भी अधिक पीड़ति होते हैं. आपको बता दें कि, तुनिशा का 24 दिसंबर को निधन हो गया था, उनके परिवार ने उनके कथित बॉयफ्रेंड और अली बाबा के को-एक्टर शीजान खान के खिलाफ एफआईआर दर्ज की. उन्होंने एक्टर पर यंग स्टार को आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाया.

# रेस में सबसे आगे हैं रश्मिका मंदाना, 2023 में मचाएंगी धमाल



साउथ इंडस्ट्री की शानदार एक्ट्रेसेस में से एक हैं. उन्होंने गुडबॉय से बॉलीवुड में डेब्यू किया है. फिलहाल उनके पास पाइपलाइन में कई प्रोजेक्ट्स हैं. एक्ट्रेस वरिसु के साथ 2023 की जोरदार शुरुआत करने के लिए तैयार है. रश्मिका मंदाना को हाल ही में बॉलीवुड के मास्टर क्राफ्ट्समैन संजय लीला भंसाली के ऑफिस के बाहर स्पॉट किया गया. वह पीले रंग के कैजुअल आउटफिट में काफी खूबसूरत लग रही थीं, जिसे उन्होंने सिंपल मेकअप और फ्री हेयरडू के साथ पेयर किया था. पुष्पा एक्ट्रेस को फोटोज में फेस मास्क पहने भी देखा जा सकता है. उन्होंने गंगूबाई काठियावाड़ी निदेशक के कार्यालय से बाहर निकलते ही पैपराजी फोटोग्राफर्स का अभिवादन किया. एक्ट्रेस का इस तरह ऑफिस के बाहर होना नहीं बॉलीवुड प्रोजेक्ट की ओर इशारा करता है. इसके बाद एक्ट्रेस दक्षिण और बॉलीवुड दोनों इंडस्ट्री में सक्रिय होने की योजना बना रही है. हालांकि, अभी तक इन खबरों की कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है. दक्षिण सिनेमा में, रश्मिका मंदाना अगली बार वामशी पैदिपल्ली निर्देशित वरिसु में दिखाई देंगी, जो थलपति विजय की तेलुगु सिनेमा में पहली डायरेक्ट एंट्री है. फिल्म, जिसे तमिल-तेलुगु द्विभाषी कहा जाता है, 2023 के पोंगल सीज़न के लिए सिनेमाघरों में हिट होने के लिए तैयार है. रश्मिका मंदाना फिलहाल पुष्पा फ्रैंचाइज़ी की दूसरी किस्त के लिए भी फिल्मांकन कर रही हैं, जिसका टाइटल पुष्पाःद रूल है. अल्लू अर्जुन ने फिल्म में टिट्युलर किरदार को फिर से निभाया, जिसमें एक बार फिर एक्ट्रेस को पुष्पा की प्रेमिका श्रीवल्ली के रूप में दिखाया जाएगा. साथ ही मीडिया रिपोर्टस के मुताबिक, त्रिविक्रम श्रीनिवास द्वारा अभिनीत आगामी प्रोजेक्ट के लिए रश्मिका मंदाना अपने सरिलरु नीकेवरु को-स्टार महेश बाबू के साथ फिर से जुड़ सकती हैं. खबरों की मानें तो वह फिल्म में एक विशेष भूमिका निभाने वाली हैं, जिसमें पूजा हेगड़े मुख्य भूमिका में हैं.रश्मिका मंदाना अब 2023 की शुरुआत तक अपनी अगली बॉलीवुड आउटिंग मिशन मजनू, एक रोमांटिक थ्रिलर की रिलीज के लिए तैयार हैं. इस फिल्म में उनके साथ सिद्धार्थ मल्होत्रा मुख्य भूमिका में हैं. बता दें इसको नेटफ्लिक्स पर रिलीज़ किया जाना है. शांतनु भागची के निर्देशन में रश्मिका मंदाना एक दिव्यांग लड़की की भूमिका में होंगी. इसके बाद वह आगामी मनोवैज्ञानिक थ्रिलर एनिमल में रणबीर कपूर के साथ लीड रोल प्ले करेंगी, जो अर्जुन रेड्डी फेम निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा द्वारा निर्देशित फिल्म में अनिल कपूर, बॉबी देओल, तृप्ति डिमरी और अन्य कलाकारों सहित अन्य कलाकार भी शामिल हैं.

# भूमि पेडनेकर ने लस्ट स्टोरीज के नेकेड सीन पर की बात

बॉलीवुड एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर अपनी हालिया रिलीज फिल्म गोविंदा नाम मेरा को लेकर चर्चा में आ गई. जो लोगों को काफी ज्यादा पसंद आ रही है. लेकिन फिलहाल हम उनकी इस लेटेस्ट मूवी के बारे में बात नहीं करने वाले हैं, बल्कि 2018 में आयी उनकी फिल्म लस्ट स्टोरीज के बारे में चर्चा करेंगे. जिसमें दिए बोल्ड सीन पर हाल ही में भूमि ने खुद बात की है. उन्होंने बताया है कि वो किस हद तक घबराई हुई थी. फिर किसी तरह उन्होंने इस सीन को पूरा किया. उनका बयान इस समय चर्चा में बना हुआ है. एक्ट्रेस कहती हैं, जब मैंने लस्ट स्टोरीज की, तो मैं नर्वस थी. यह गला घोंटने जैसा था, लेकिन उस समय हमारे पास इंटिमेसी कोऑर्डिनेटर भी नहीं था. लेकिन जोया जिस संवेदनशीलता के साथ मुझे और नील को लेकर गई, क्योंकि जैसा वो कहती हैं, यह इस बारे में नहीं है कि तुम एक लड़की हो, और तुम्हें तब कंफर्टेबल होना चाहिए, जब एक पुरुष सह-कलाकार को इसकी जरूरत हो. वो आगे बताती हैं, लेकिन मैं घबराई हुई थी क्योंकि लोगों से भरे कमरे में मैं जितना हो सकती थी, यह उनमें से सबसे नेकेड था. मेरे ऊपर मुश्किल से कोई कपड़ा था, हमारे पास प्रोटेक्शन था और टेक्निकली भी सब ठीक था. फिर भी नील और मुझे कहना पड़ा कि ये हमारी सीमाएं हैं. बस आपके, आपके सह-कलाकार और निर्देशन के बीच ये बातचीत अहम हो जाती है, क्योंकि आप उस मूमेंट में हैं और कुछ अलग नहीं है. फिल्म में उनका ये बोल्ड सीन काफी चर्चा में रहा. लेकिन फिर आने वाले दिनों में उन्होंने एक के बाद एक बेहतरीन फिल्में की. लिस्ट में बाला, पति पत्नी और वो, दम लगा के हईशा, बधाई दो, रक्षा बंधन, गोविंदा नाम मेरा जैसी फिल्मों का नाम आता है. खैर, बात करें भूमि के वर्कफ्रंट की तो आने वाले दिनों में उनके पास पांच फिल्में हैं. जिनमें भीड़, भक्षक, द लेडी किलर, अफवाह, मेरी पत्नी का रीमेक का नाम शामिल है. इनमें से कुछ फिल्मों की शूटिंग एक्ट्रेस खत्म कर चुकीं हैं, जबकि कुछ की शूटिंग चल रही है.

**उन्होंने बताया है कि वो किस हद तक घबराई हुई थी. फिर किसी तरह उन्होंने इस सीन को पूरा किया. उनका बयान इस समय चर्चा में बना हुआ है. एक्ट्रेस कहती हैं, जब मैंने लस्ट स्टोरीज की, तो मैं नर्वस थी. यह गला घोंटने जैसा था, लेकिन उस समय हमारे पास इंटिमेसी कोऑर्डिनेटर भी नहीं था. लेकिन जोया जिस संवेदनशीलता के साथ मुझे और नील को लेकर गई, क्योंकि जैसा वो कहती हैं, यह इस बारे में नहीं है कि तुम एक लड़की हो, और तुम्हें तब कंफर्टेबल होना चाहिए, जब एक पुरुष सह-कलाकार को इसकी जरूरत हो. वो आगे बताती हैं, लेकिन मैं घबराई हुई थी क्योंकि लोगों से भरे कमरे में मैं जितना हो सकती थी, यह उनमें से सबसे नेकेड था. मेरे ऊपर मुश्किल से कोई कपड़ा था, हमारे पास प्रोटेक्शन था और टेक्निकली भी सब ठीक था. फिर भी नील और मुझे कहना पड़ा कि ये हमारी सीमाएं हैं.**



# नगर में सार्वजनिक जगह, खाली प्लाट, नाली में कचरा फेंकने वालों पर होगा जुर्माना

## कचरा फेंकने वाले के फोटो विडियो होंगे वायरल

सीहोर। नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष प्रिंस राठौर, पार्षदगणों तथा मुख्य नपा अधिकारी योगेन्द्र पटेल की उपस्थिति में बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि अब शहर में कोई भी कचरा सड़क पर या नाली में डालते पकड़ा गया तो संबंधित के विरूद्ध अर्थदण्ड की चालानी कार्यवाही स्थल पर ही सफाई दरोगा द्वारा की जायेगी। दो से तीन बार एक ही व्यक्ति के विरूद्ध अर्थदण्ड की कार्यवाही होती है, तो ऐसे व्यक्ति के विरुद्व न्यूर्सेस की धारा 133 के अंतर्गत सक्षम न्यायालय में कार्यवाही हेतु प्रकरण तैयार कर भेजा जायेगा। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि निर्माणधीन कार्यों का मटेरियल सडड़ किनारे एकत्रित ना करें, कार्य पूर्ण होने पर पूर्ण सफाई की जवाबदारी निर्माणाधीन व्यक्ति की होगी अन्यथा चालानी / अर्थदण्ड कार्यवाही की जाएगी। वार्ड दरोगा को इस हेतु 200 रूपये तक के चालानी कार्यवाही के अधिकार प्रदत्त किए गए हैं। इससे अधिक की चालानी कार्यवाही स्वास्थ्य अधिकारी व स्वच्छता निरीक्षक द्वारा की जाएगी। प्रत्येक दरोगा का प्रतिदिन 5 चालानी कार्यवाही का लक्ष्य दिया गया है। नगर पालिका सीहोर द्वारा सभी सम्मानीय नागरिकों से आग्रह किया है कि अपने घरों का कचरा सडक पर या नाली में नहीं डाले केवल डोर टू डोर वाहन में ही कचरा डालें तो आपका एक कदम नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बना सकता है।

## राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर श्री ताम्रकार का अधिवक्ता संघ ने किया स्वागत

सीहोर। अधिवक्ता श्री राम नारायण ताम्रकार अखिल भारतीय हैहय वंशीय क्षत्रिय केंद्रीय संचालन समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाये गए हैं। इस उपलब्धि ने पर आज जिला अभिभाषक संघ ने कार्यक्रम आयोजित कर उनका स्वागत किया। ताम्रकार कसेरा समाज की सामाजिक गतिविधि को संचालन के लिए राष्ट्रीय संगठन पिचले सौ साल से बना है जिसकी सातवीं राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक रविवार को दिल्ली मे हुई जिसमे राष्ट्रीय उपाध्यक्ष का दायित्व निर्वाहन कर रहे श्री रामनारायण ताम्रकार को कार्यकारिणी ने सर्वानुमति से राष्ट्रीय अध्यक्ष घोषित किया। जिला अभिभाषक संघ के अध्यक्ष रविंद्र भारद्वाज, सचिव बृजेंद्र चंदेल, कोषाध्यक्ष श्री भारद्वाज, वरिष्ठ अधिवक्ता महेश दयाल चौरसिया, डीडी मित्तल, प्रदीप पहलवान, केके शर्मा, सुभाष चौहान, विजय भार्गव, अनिल दुबे आदि ने श्री ताम्रकार का स्वागत किया।

## अरोरा को धमकी मिलने पर सभी समाजों में भारी आक्रोश

सीहोर। खालिस्थानी आतंकवादी पन्नु द्वारा वरिष्ठ भाजपा नेता जसपाल सिंह अरोरा को दूरभाष पर जान से मारने की धमकी देने के बाद सीहोर के सभी समाजजन आक्रोषित हैं। बड़ी संख्या में समाज के प्रतिनिधियों ने बैठक आयोजित कर अपना रोष एवं विरोध प्रकट किया एवं अरोरा की सुरक्षा पर चिंता व्यक्त की। मुख्य रूप से सभी समाज के प्रतिनिधियों ने अरोरा के लिये प्रशासन से कड़ी सुरक्षा की मांग की है। हिन्दु उत्सव समिति के अध्यक्ष आशीष गुप्ता ने कहा कि हम प्रशासन से मांग करते हैं कि जल्द से जल्द श्री अरोरा को कड़ी सुरक्षा प्रदान की जाये क्योंकि खालिस्थानी आतंकवादी पन्नु दुनिया के मोस्ट वांटेड अपराधियों में से है। यादव समाज से श्री सेवा यादव ने प्रशासन से जल्द से जल्द आतंकवादी पन्नु को गिरफ्तार करने की मांग की है तथा अरोरा की सुरक्षा को लेकर चिन्ता व्यक्त करते हुए प्रशासन को आन्दोलन की चेतावनी दी है। वाल्मीकि समाज की ओर श्री राजू बोयत ने जसपाल अरोरा के बयान का समर्थन करते हुए प्रशासन से जल्द से जल्द इस आतंकवादी को अपनी गिरफ्त में लेने की मांग की है। सिख समाज की ओर से अध्यक्ष गुरमीत सिंह दुआ, सचिव राजिन्दर सिंह लाम्बा ने बताया कि सिख समाज हमेशा से देश के लिये बलिदान एवं समर्पण के लिये जाना जाता है। सभी सिख संगत खालिस्तानी आतंकवादी पन्नु का घोर विरोरध करते हुए श्री अरोरा की सुरक्षा की मांग की है।

## ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दोराहा अहमदपुर की बैठक सम्पन्न

सीहोर। भारत जोड़ो अभियान की सफलता के बाद अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा हाथ से हाथ जोड़ो अभियान प्रारंभ किया जाना है। इस आभियान सहित कांग्रेस पार्टी के अन्य कार्यक्रमों को लेकर सीहोर जिले के सभी।

# कैलारस-पुलिस एव कोचिंग संचालकों की बैठक संपन्न

## न्यूईयर पर तीन दिन रहेगी कोचिंग बंद, थाना परिसर में पुलिस स्टाप एव कोचिंग संचालकों की बैठक संपन्न

**गौरव शर्मा पुष्पांजलि टुडे**

**कैलारस-** एसडीओपी संजय कोच्छा थाना प्रभारी वेदेन्द्र कुशवाह बीआरसी दफेदार सिकरवार ने जानकारी देते हुए कोचिंग संचालको को बताया कि आप सभी लोग आपने अपने कोचिंग पर सीसीटीवी कैमरे लगवाए जिससे कि कोचिंग पर आने बाले छात्र छात्राओं की समस्या का समाधान हो सके एव बही सभी कोचिंग संचालक आपने अपने कोचिंग पर आने बाले छात्र छात्राओ के आईडी कार्ड जारी करे जिससे कि कोचिंग के आस पास घूमने बाले लोगो की पहिचान हो सके बही न्यूईयर पर (नव वर्ष) पर 31 दिसम्बर, 1 एव 2 जनवरी तीन का अवकाश रहेगा बही 10 बजे से 4 बजे तक स्कूल समय पर कोई भी कोचिंग संचालक कोचिंग संचालित न करे एव छात्र-छात्राओं की बेच अलग करें अनुशासनहीनता एव लापरवाही ना बरते एव शांति से अपनी कोचिंगको संचालित करे बही एसडीओपी संजय कोच्छा ने बताया कि नव वर्ष पर पूर्व में कुछ



घटनाये हो चुकी हैं इसी को ले लेकर नव वर्ष पर कोई घटना ना हो इसी लिए तीन का कोचिंगों का अवकाश रखा गया हैं अवकाश के दिन कोई की कोचिंग संचालक कोचिंग संचालित करते हुए पाया जाता है तो उसके खिलाफ रजिस्ट्रेशन को निरस्त कर उनके खिलाप कार्यवाही की जाएगी जिसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे एवं कोई भी कोचिंग संचालक अपनी कोचिंग पर नव वर्ष की पार्टी एवं अन्य उत्सव कोचिंग पर ना बनाएं। एस अवसर पर एसडीओपी संजय कोच्छा थाना प्रभारी वेदेन्द्र कुशवाह, बीआरसी दफेदार सिंह, उपनिरीक्षक वीर सिंह,केशव शुक्ला, राममंत्र गुप्ता, सहित पुलिस स्टाप मौजूद रहा।

# भाजपा सरकार के आदेशों को विभागीय बाबू नहीं मानते: दौनेरिया

**महेंद्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड। मध्यप्रदेश भाजपा सरकार ने समस्त शासकीय विभागों में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी स्थाई वर्गीकृत कर्मियों के न्युनतम वेतन के अंतर की राशि का भुगतान के लिए आदेश जारी किया है कि नियुक्ति दिनांक से 240

**16 जनवरी से पी एच ई पर शुरू होगा अनिश्चितकालीन धरना**

दिवस छोड़कर करना है लेकिन अधिकारियों द्वारा 2005 से लागू किया जा रहा है जिसका विरोध सेन्टर आफ इंडिया ट्रेड यूनियन सीटू करेगी 29 दिसम्बर को लोकस्वास्थ्य यांत्रिक विभाग कार्यालय पर सांकेतिक धरना देकर कार्यपालन यंत्री को ज्ञापन सौंपा गया सांकेतिक धरना इसलिए दिया गया कि जिले में पंचायत चुनाव चल रहे हैं इसलिए शासकीय भवनों के आसपास धारा 144 लगी हुई है आज 5 लोगों ने धरना देकर ज्ञापन दिया उक्त जानकारी सीटू जिला उपाध्यक्ष अशोक शर्मा ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में दी। सेंटर ऑफ



इंडियन ट्रेड यूनियन सीटू के जिला महासचिव अनिल दौनेरिया ने आगे बताया कि विभाग में कुछ कर्मचारियों को एरियर का भुगतान एवं एग्रीमेंट भ्रष्टाचार के कारण लगा दिया गया है है जिसमें डिवीजन एकाउंट एवं एक बाबू की महत्वपूर्ण भूमिका बताई जा रही है जिसकी जांच कराई जाय है तो दूसरी तरफ कुछ कर्मचारियों द्वारा एग्रीमेंट एरियर के लिए विभाग के चक्कर लगा रहे हैं लेकिन उनकी सुनवाई नहीं हो रही है 16 जनवरी के बाद चुनावी आचार संहिता खत्म होने के बाद लोकस्वास्थ्य यांत्रिक विभाग मुख्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया जाएगा और ताकि भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाया जा सके जिसके लिए समस्त कर्मचारियों का एरियर एवं एग्रीमेंट एक साथ लगाया जाय क्योंकि ज्ञापन के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने कहा कि हम फाइल आगे बढ़ाने के लिए तैयार हैं लेकिन हमारे अधीनस्थ कुछ बाबू फाइल भेजने में जानकारी एकत्रित करने के नाम पर समय लगा रहे हैं इससे कर्मचारियों की मुख्य मांगे हल होने में समय लग रहा है सीटू नेता अशोक शर्मा ने बताया कि जनसुनवाई से लेकर जिलाधीश एवं जिलाधीश के माध्यम से मुख्यमंत्री तक क्षापन भेजे जा चुके हैं लेकिन सुनवाई कंही नही हो रही क्योंकि विनियमित कर्मचारियों को 6 वे वेतन के एरियर का भुगतान कराया जाय 7वां वेतनमान लागू किया जाय 2016 से एरियर सहित भुगतान किया जाय विभाग में नियमित कर्मचारियों के रिक्त पदों पर विनियमित कर्मचारियों की नियुक्ति की जाए 5520 ग्रेड पे का लाभ दिया जाय उक्त मांगो का शीघ्र निराकरण नहीं हुआ तो सीटू 16 जनवरी2023 से अनिश्चितकालीन धरना विभाग के मुख्यालय पर करेगी जिसकी समस्त जिम्मेदारी विभाग के अधिकारियों की होगी क्षापन देने वालों में सीटू जिला अध्यक्ष विनोद सुमन जिला उपाध्यक्ष अशोक शर्मा सुमेर चन्द्र जैन महेश वाल्मीकि संतोष कुमार श्रीवास उपस्थित रहे।

# कोरोना की आहट, बचाव को लेकर जिला चिकित्सालय में की गई माकड्रील

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

कोरोना संक्रमण के बड़ने की संभावना को देखते हुए बालाघाट जिला प्रशासन स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर मुस्तैद हो गया है। इसी कड़ी में 29 दिसंबर को जिला चिकित्सालय में माकड्रील की गई। प्रभारी कलेक्टर विवेक कुमार की मौजूदगी में की गई इस माकड्रील में अस्पताल में कोरोना संक्रमित मरीज के लाये जाने पर उसे किस तरह से एम्बुलेंस से उतारना है और कैसे मरीज को वार्ड में भर्ती करना है इसका अभ्यास किया गया। इस दौरान अस्पताल में आक्सीजन संयंत्र, आक्सीजन कंसंट्रेटर मशीन एवं कोरोना संक्रमित मरीजों को भर्ती करने के लिए बनाये गये वार्ड



का भी निरीक्षण किया गया। इस दौरान पीपीईकिट एवं उपचार के लिए जरूरी औषधियों की जानकारी भी ली गई। इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज पांडेय, सिविल सर्जन डॉ संजय धबड़गांव एवं अन्य स्टाफ मौजूद था। प्रभारी कलेक्टर श्री विवेक कुमार ने कोरोना संक्रमित मरीजों के उपचार की सभी व्यवस्थाओं को चुस्त दुरूस्त रखने के निर्देश दिये।

# दमोह शहर में हुई खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग की निरीक्षण कार्यवाही गुणवत्ता परीक्षण हेतु क्यू.टी.टी.एल. खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला इंदौर भेजे गए

**पुष्पांजली टुडे**



**दमोह।** कलेक्टर,दमोह एस.कृष्ण चैतन्य एवं डी.ओ. खाद्य सुरक्षा प्रशासन डॉ. संगीता त्रिवेदी के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी, दमोह राकेश अहिरवाल ने दमोह शहर में निरीक्षण कार्यवाही करते हुए मूंगफली एवं गुड़ से बने खाद्य पदार्थों के नमूनें जांच हेतु लिए हैं। दमोह में निरीक्षण की कार्यवाही में वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी राकेश अहिरवाल ने दमोह शहर में महावीर वार्ड स्थित श्वेता मूंगफली पट्टी सेंटर का निरीक्षण किया। मौके पर विक्रय हो रहे मूंगफली गुड़ पट्टी का नमूना जांच हेतु लिया गया है। उक्त प्रतिष्ठान में डूड लाइसेंस की प्रति परिसर में स्पष्ट रूप से प्रदर्शित पाई गई है। डूड सेफ्टी डिस्प्ले बोर्ड लगवाने के निर्देश मौके पर विक्रेता को दिए गए हैं। इन खाद्य पदार्थों के नमूनों को जांच हेतु क्यू.टी.टी. एल. खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला इंदौर भेजा गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर इस संबंध में नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग ने समस्त खाद्य विक्रेताओं को निर्देश दिए हैं कि वे अपने प्रतिष्ठान में डूड लाइसेंस एवं डूड सेफ्टी डिस्प्ले बोर्ड की प्रति जरूर स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करें एवं उपभोक्ताओं को शुद्ध खाद्य सामग्री उपलब्ध कराएं। खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग की यह कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

# मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना में अब बस और रेल यात्रा के बाद हवाई यात्रा के द्वारा भी

## नए वर्ष में प्रारंभ होंगी हवाई तीर्थ दर्शन यात्राएं, बुजुर्गों को तीर्थ दर्शन कराए जाएंगे

**पुष्पांजली टुडे**

दमोह। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की घोषणा के अनुरूप मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना में अब बस और रेल यात्रा के बाद हवाई यात्रा के द्वारा भी बुजुर्गों को दूरस्थ तीर्थ स्थलों की यात्रा कराई जाएंगी। नए वर्ष में पहवाई तीर्थ दर्शन यात्राएं प्रारंभ होंगी। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अप्रैल, 2022 से काशी विश्ड़वनाथ की तीर्थयात्रा के साथ पुनः प्रारंभ की गई है। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना प्रारंभ करने वाला देश का पहला राज्य है मध्यप्रदेश। मध्य प्रदेश की मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना को देश के विभिन्न राज्यों ने अपने यहां लागू किया है। वर्ष 2012 में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुजुर्ग नागरिकों के लिए तीर्थ यात्रियों के लिए प्रारंभ की थी। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना में हिंदू मुस्लिम सिख ईसाई सभी धर्मों के तीर्थ स्थलों को शामिल किया गया है।

# नये साल से मिलेगा 83 लाख हितग्राहियों को लाभ

**पुष्पांजली टुडे**

**दमोह।** मध्यप्रदेश के लिये वर्ष 2022 ऐतिहासिक उपलब्धियों और जन-कल्याण के परिवर्तनकारी प्रयासों से भरपूर रहा। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के मार्गदर्शन में नागरिक-हितैषी प्रशासन के अंतर्गत किये गये प्रयासों से वर्ष 2022 जन सेवा का वर्ष साबित हुआ। सभी वर्गों का ख्याल रखते हुए अनेक जन हितैषी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन से गरीब, किसान, महिलाओं, बेटियों, युवाओं और जनजातीय वर्ग को सीधा लाभ मिला। मध्यप्रदेश को समृद्ध, विकसित और प्रगतिशील राज्य बनाने के लिये अनेक नवाचारी अभियानों की श्रंखला वर्षान्त तक जारी रही। गरीबों को निश्शुल्क आवास, पथ विक्रेताओं को बिना ब्याज का ऋ़ण, महिलाओं को स्व-रोजगार के लिये बैंक लिंकेज, किसानों को सम्मान निधि, किसानों को प्राकृतिक खेती के लिये प्रोत्साहित करने, खेती के लिये ड्रोन प्रणाली की शुरूआत, सिंचाई के क्षेत्र में वृद्धि, आँगनवाड़ियों में जन-भागीदारी, औद्योगिक क्षेत्रों में निवेश, सुशासन से सुराज और लाड़ली लक्ष्मी योजना -2 की लांचिंग 2022 के अहम पड़ाव रहे। स्व-रोजगार के लिये रोजगार मेले, जनजातीय वर्ग के हित में पेसा एक्ट लागू करने और मुख्यमंत्री जन-सेवा अभियान का संचालन ऐतिहासिक निर्णय साबित हुए।

# खनिज मंत्री के प्रयास से सड़क एवं पुल निर्माण की मिली स्वीकृति

**संभागीय ब्यूरो गौरीशंकर कुशवाहा की पुष्पांजलि टुडे की खबर**

**पन्ना** – खनिज साधन एवं श्रम मंत्री श्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह के विशेष प्रयास से पन्ना विधानसभा में बहुप्रतीक्षित सड़क एवं पुल निर्माण की स्वीकृति मिली है। इस मांग के पूर्ण होने पर क्षेत्रीय जनता में हर्ष व्याप्त है। आगामी दिनों में शीघ्र कार्य का भूमिपूजन किया जाएगा। सिंहपुर भसूड़ा मार्ग से गिदरहा तक 1.50 किलोमीटर लंबाई की सड़क निर्माण के लिए 77 लाख रूपए और मझगांय से नारायणचुआ की 6.06 किलोमीटर लंबाई की सड़क निर्माण के लिए 4 करोड़ 56 लाख रूपए राशि की प्रशासकीय स्वीकृति का आदेश जारी किया गया है। इसी प्रकार मझगांव पुल से बिलहरी के छतरपुर के बीच केन नदी में पुल निर्माण भी किया जाएगा। इसकी लागत 28 करोड़ 99 लाख 62 हजार रूपए है।

# भारत जोड़ो यात्रा, गांधी चौपाल कार्यक्रम, हाथ से हाथ जोड़ो अभियान ने जोरा विधानसभा में पकड़ी गति

## नफरत छोड़ो -भारत जोड़ो के गगनभेदी नारों के साथ बिलगांव कुंवारी पहुंची भारत जोड़ो यात्रा, वयोवृद्ध समाजसेवी भगवान सिंह सिकरवार ने यात्रा का नेतृत्व कर रहे नेतागणों का साफा बांधकर किया सम्मान

**गौरव शर्मा पुष्पांजलि टुडे**

**कैलारस -मुरैना/** मुरैना जिले की जोरा विधानसभा के कैलारस ब्लॉक के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र में निकाली जा रही भारत जोड़ो यात्रा गांधी चौपाल कार्यक्रम और हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के क्रम में आज गुरुवार को कैलारस ब्लॉक के ग्राम तोरिका से वरिष्ठ कांग्रेस नेता ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह सिकरवार चिंटू भैया एवम जिला पंचायत सदस्य मुरैना के नेतृत्व में प्रारंभ हुई जो नयागांव बंगस बुद्धघड़ी होती हुई बिलगांव तक पहुंची इस दौरान गांधी चौपाल कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता हरि सिंह कुशवाहा ने कहा कि हम भारत जोड़ो यात्रा तो निकाली रहे हैं इस दौरान हमें हमारी विधानसभा क्षेत्र में व्याप्त समस्याएं जो घनघोर रूप से खड़ी हुई हैं गांव गांव देखने में मिल रही है हमारे विधानसभा क्षेत्र में चाहे मुख्यमंत्री विवाह सहायता योजना राशि का सवाल हो चाहे अंस की सहायता राशि का सवाल हो बिजली के फर्जी बिलों का सवाल हो इस कदर भ्रष्टाचार छाया हुआ है कि लोगों को उनके हक अधिकार नहीं मिल पा रहे हैं उसको लेकर हम आगे एक बड़े स्तर पर आंदोलन करेंगे और विधानसभा क्षेत्र की समस्याओं को पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ जी के माध्यम से मुख्य पटल पर रख कर निराकरण का प्रयास करेंगे और भ्रष्टाचार के खिलाफ हमारी लड़ाई निरंतर चलती रहेगी

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह सिकरवार चिंटू भैया ने अपने उद्बोधन में कहा कि राहुल गांधी जी के नेतृत्व में 7 सितंबर से शुरू हुई भारत जोड़ो यात्रा जो कन्याकुमारी से शुरू हुई थी कश्मीर पर जाकर ही दम लेगी केंद्र सरकार कितना भी डराने धमकाने का प्रयास करें यह



यात्रा रुकने वाली नहीं है राहुल जी अपने प्रण के अनुसार कश्मीर तक यात्रा लेकर जाएंगे और हमारी यात्रा निरंतर जारी रहेगी केंद्र चाहे पूर्णा के नाम पर कितना ही दबाने का प्रयास करें हम सारे कांग्रेसी यदि केंद्र सरकार यात्रा पर दमन करती है तो जेल जाने के लिए भी तैयार हैं लेकिन यात्रा अपने अंतिम छोर पर पहुंचकर रहेगी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आगे सिकरवार ने कहा कि जहां तक हमारी जोरा विधानसभा की भारतीय जौरा विधानसभा में भ्रष्टाचार इस कदर हावी है इसको शब्दों में भी बयां नहीं किया जा सकता पुलिस गुंडा गठजोड़ चल रहा है थानों में लोगों की फरियाद नहीं सुनी जा रही स्थानीय ठेके पर चल रहे हैं बिजली के फर्जी बिल लादे जा रहे हैं बेटियों को विवाह सहायता राशि नहीं मिल पा रही तमाम योजनाओं में भ्रष्टाचार छाया हुआ है इसको लेकर भी हमारा प्रयास है यह हम बड़ा जन आंदोलन खड़ा कर आम जनमानस के अधिकार को दिलाने के लिए 1 लंबी लड़ाई लड़ने को तैयार है ताकि हमारे विधानसभा क्षेत्र की जनता को उसके अधिकार मिल सके !

**इस दौरान ग्राम बिलगांव कुंवारी में वयोवृद्ध समाजसेवी भगवान सिंह सिकरवार ने यात्रा का नेतृत्व कर रहे नेतागणों का साफा बांधकर किया सम्मान**–इस अवसर पर कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेस नेता रमेश सिंह कुशवाहा, डॉ मुरारी लाल अमर, रामविलास धाकड़, ओमप्रकाश शाक्य, दीपक यादव, अतुल सिकरवार ,तिलक सिंह कुशवाह, रानी खान, धर्मेंद्र सिकरवार ,सौरव कोठारी रीजॉनी , कप्तान सिंह कुशवाहा, अभय सिकरवार , पार्वती जाटव पूनम जाटव, बनवारी शाक्य, सूबेदार राय, सुनील शाक्य, सौरव शर्मा मनजीतपुरा, गुरुआ शर्मा मनजीत पुरा देवेंद्र शर्मा कप्तान कुशवाहा गुलाब सिंह कुशवाहा !

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478